उज्जैन
सोमवार
22
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-50
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



भीड़ में फंसीं निधि अग्रवाल कार तक पहुंचना हुआ मुश्किल, परेशान नजर आईं फिल्म द राजा साब की अभिनेत्री



## सेंट्रल में होने से भोपाल पर मानसून ज्यादा मेहरबान

# इंदौर-उज्जैन में अरावली कराता है बारिश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्यप्रदेश में अगर पहाड़ नहीं होते तो लोग बारिश को तरस जाते। सुनने में अटपटा लग रहा है, लेकिन सच है। दरअसल, राजस्थान से लेकर उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के 3 पहाड़ बारिश कराते हैं। राजस्थान के अरावली से लेकर उत्तर में विंध्याचल और सतपुड़ा पर्वत मध्यप्रदेश में मानसून को लॉक करते हैं। इन्हीं पहाड़ों की वजह से मध्यप्रदेश में बारिश होती है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश से समझते हैं कि आखिर प्रदेश में कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश क्यों होती है। इन पहाड़ों का इससे क्या संबंध है?

**मध्यप्रदेश में दो सिस्टम कराते हैं बारिश**

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश कहते हैं, मध्यप्रदेश में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाले सिस्टम बारिश कराते हैं। अरब सागर से बारिश इंदौर से लेकर उज्जैन और ग्वालियर चंबल के कुछ इलाकों में बारिश कराता है, जबकि बंगाल की खाड़ी से प्रदेश भर में बारिश होती है। अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं खरगोन-बड़वानी जिले के रास्ते मालवा-निमाड़ में प्रवेश करती हैं। यह आगे बढ़ती हैं, तो अरावली पर्वत के सहारे दिल्ली की तरफ चली जाती हैं।

अरब सागर के मानसून से ही मालवा-निमाड़ में बारिश होती है। इसी कारण अलीराजपुर, झाबुआ और आगर में या तो सामान्य से कम बारिश होती है या फिर ज्यादा बारिश होती है। अधिकांश तौर पर यहां जुलाई-अगस्त में ही अधिकतम बारिश हो जाती है। इससे श्योपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम और बुरहानपुर में जमकर पानी गिरता है। उज्जैन और इंदौर में सामान्य बारिश होती है। अगर अरावली पर्वत नहीं होता तो अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं सीधे निकल जातीं। यह इलाके सूखे रह जाते।

- **सतपुड़ा-विंध्याचल पहाड़ी के कारण भोपाल में अधिक बारिश-** वेद प्रकाश कहते हैं, मध्यप्रदेश का मध्य भाग में अरब-सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों ही सिस्टम बारिश कराते हैं। सतपुड़ा पर्वत और विंध्याचल के कारण बंगाल की खाड़ी से आने वाला मानसून यहां लॉक हो जाता है। मानसूनी हवाएं बैतूल के रास्ते प्रदेश में प्रवेश करती हैं। यह मंडला, डिंडोरी से लेकर जबलपुर, पचमढ़ी, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम और भोपाल तक बारिश करती हैं। अपेक्षाकृत हरदा निचला इलाका होने के कारण यहां अलग परिस्थिति बनने पर ही बारिश होती है। भोपाल में सबसे ज्यादा बारिश का मुख्य कारण अरब और बंगाल से आने वाले दोनों सिस्टम हैं। भोपाल में वाटर बॉडी बहुत ज्यादा हैं। लोकल सिस्टम बनने से भी अधिक बारिश का क्षेत्र बनता है।
- **सतपुड़ा-विंध्याचल पहाड़ी के कारण भोपाल में अधिक बारिश-** वेद प्रकाश कहते हैं, मध्यप्रदेश का मध्य भाग में अरब-सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों ही सिस्टम बारिश कराते हैं। सतपुड़ा पर्वत और विंध्याचल के कारण बंगाल की खाड़ी से आने वाला मानसून यहां लॉक हो जाता है। मानसूनी हवाएं बैतूल के रास्ते प्रदेश में प्रवेश करती हैं। यह मंडला, डिंडोरी से लेकर जबलपुर, पचमढ़ी, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम और भोपाल तक बारिश करती हैं। अपेक्षाकृत हरदा निचला इलाका होने के कारण यहां अलग परिस्थिति बनने पर ही बारिश होती है। भोपाल में सबसे ज्यादा बारिश का मुख्य कारण अरब और बंगाल से आने वाले दोनों सिस्टम हैं। भोपाल में वाटर बॉडी बहुत ज्यादा हैं। लोकल सिस्टम बनने से भी अधिक बारिश का क्षेत्र बनता है।
- **ग्वालियर-चंबल और बघेलखंड-** ग्वालियर-चंबल और बघेलखंड के अधिकांश इलाकों में बंगाल की खाड़ी से बारिश होती है। यहां के लिए विंध्याचल पर्वत प्रभावित करता है। इसके कारण ग्वालियर, निवाड़ी, टीकमगढ़, शहडोल, सीधी, रीवा, कटनी और दतिया में बहुत कम बारिश होती है। यहां सामान्य से कम बारिश होती है।

## राजस्थान में एमपी से दिल्ली जा रहे युवकों की

# कार की सीट के नीचे मिले 1.11 करोड़ रुपए, पांच युवक गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› सवाईमाधोपुर

एमपी से दिल्ली जा रही एक कार से भारी मात्रा में नकदी बरामद की। कार में सवार एमपी के पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। बैगों में रखे नोटों की गिनती के लिए पुलिस ने बैंक से मशीन मंगवाई, जिसमें कुल एक करोड़ ग्यारह लाख रुपए निकले। यह कार्रवाई रवांजना डूंगर थानाधिकारी दिलीप कुमार वर्मा तथा मानटाउन थानाधिकारी सुनील गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

थानाधिकारी दिलीप कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी मयंक राठौर पुत्र चन्द्रशेखर निवासी तलवाड़ा डेम, जिला बड़वानी मध्यप्रदेश, विश्वनाथ शाहु पुत्र शिवचरण, निवासी सोनाघाटी जिला बैतूल, सचिन जायसवाल पुत्र राधेश्याम निवासी सलावद जिला खरगोन, सुदामा



कुशवाह पुत्र तिलक सिंह, निवासी बडोगरी, जिला दतिया व राकेश मरकाम पुत्र दुर्गा प्रसाद, निवासी मरकाम ढाना जिला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश है।

पुलिस के अनुसार कार की आगे-पीछे की नंबर प्लेटों पर मिट्टी लगी हुई थी। पूछताछ में ड्राइवर और अन्य सवार व्यक्तियों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिए। तलाशी लेने पर पीछे की सीट के नीचे बैग मिले, जिनमें 500, 200, 100 और 50 रुपए के नोटों के बंडल भरे हुए थे। इतनी भारी नकदी मिलने पर पुलिस भी चकित रह गई।

## एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स में ट्रम्प की फोटो फिर अपलोड

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों में शामिल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो को फिर से जारी कर दिया है। इसमें मेलानिया ट्रम्प की भी तस्वीर है। डिपार्टमेंट ने कहा है कि इस फोटो में एपस्टीन मामले के किसी भी पीड़ित को नहीं दिखाया गया है।

न्यूयॉर्क के सरकारी वकीलों ने पहले इस तस्वीर पर आपत्ति जताई थी, क्योंकि इससे पीड़ितों की पहचान उजागर होने का खतरा हो सकता था। इसलिए एहतियात के तौर पर इस तस्वीर समेत कुल 16 फाइलों को कल वेबसाइट से हटा दिया गया था। जांच के बाद ऐसा कोई खतरा नहीं मिला, इसलिए फोटो को बिना किसी बदलाव के दोबारा जारी कर दिया गया।

## मनरेगा से गांधी का नाम हटाना उनकी दोबारा हत्या जैसा

ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज रविवार को विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी बिल, 2025 को मंजूरी दे दी। अब यह कानून बन गया है। नया कानून 20 साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की जगह लेगा। इस बीच, कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना उनकी दोबारा हत्या करने जैसा है। गांधी जी को एक बार 30 जनवरी 1948 को मारा गया था। अब उन्हें दोबारा मारा जा रहा है। चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस में चिदंबरम ने कहा कि आप (केंद्र सरकार) गांधी और नेहरू को आधिकारिक रिकॉर्ड से मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे भारतीय लोगों के मन में बसे हैं, जैसे बुद्ध या यीशु। कोई भी सरकारी आदेश उन्हें मिटा नहीं सकता।

# मप्र-राजस्थान, हरियाणा में घना कोहरा

## विजिबिलिटी 30 मीटर से कम, कश्मीर में 1 फीट तक बर्फबारी, यूपी-झारखंड में ठंड से 4 की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



कश्मीर घाटी में 40 दिन के चिल्लई कलां की शुरूआत रविवार से हो गई। पहले ही दिन गुलमर्ग-सोनमर्ग में 1 फीट तक बर्फबारी रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटे बर्फबारी जारी रह सकती है।

कश्मीर को जोड़ने वाले दो रास्ते मुगल रोड और सिंथन टॉप रोड बर्फबारी के कारण बंद किए गए हैं। श्रीनगर में खराब मौसम के कारण इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 फ्लाइट रद्द की गईं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद बर्फीली हवाएं मैदानी राज्यों तक पहुंच रही हैं। इसके चलते दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में तापमान लगातार गिरता जा रहा है। मध्य प्रदेश के 16, यूपी के 40, राजस्थान के 10, बिहार के 24, हरियाणा के 12 और उत्तराखंड के 6 जिले कोहरे की चपेट में हैं। यूपी और झारखंड में सर्दी के कारण 4 लोगों की मौत हो चुकी है।




## लिव-इन में रहने वाले जिम्मेदारी नहीं निभाते, शादी शारीरिक संतुष्टि का जरिया नहीं

**कोलकाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले लोग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि परिवार, शादी, सिर्फ शारीरिक संतुष्टि का जरिया नहीं है। यह समाज की एक इकाई है। भागवत ने आगे कहा कि परिवार वह जगह है जहां एक व्यक्ति समाज में रहना सीखता है। लोगों के मूल्य वहीं से आते हैं। उन्होंने रविवार को कोलकाता में फ्र के कार्यक्रम में यह बात कही। परिवार के बारे बात करते हुए भागवत ने कहा कि बच्चों की निश्चित संख्या या शादी की उम्र तय करने का कोई फॉर्मूला नहीं है, लेकिन रिसर्च से पता चलता है कि तीन बच्चे आदर्श हो सकते हैं, और शादी 19 से 25 साल की उम्र के बीच की जा सकती है।



## फास्टैग से पार्किंग से लेकर पेट्रोल तक का होगा पेमेंट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय फास्टैग को मल्टीपर्पस बनाने की तैयारी में है। इसके तहत अब पार्किंग से लेकर पेट्रोल तक का पेमेंट फास्टैग से कर सकेंगे। इसके लिए छह महीने से जारी ट्रायल सफल रहा है। इसका उद्देश्य है कि फास्टैग का उपयोग सिर्फ टोल भुगतान तक सीमित न रहे, बल्कि यात्रा के दौरान सड़क से इतर मिलने वाली सुविधाओं के भुगतान में भी हो। अधिकारियों ने कहा- इससे डिजिटल फ्रॉड की आशंका कम होगी। यूजर फास्टैग को वॉलेट की तरह इस्तेमाल कर सकेंगे, जिससे धोखाधड़ी की स्थिति में नुकसान कम हो। इस बदलाव को लेकर फिनटेक कंपनियां, पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स, बैंक और टोल ऑपरेटर्स की बैठक हो चुकी है।

## भारत से जंग में अल्लाह की मदद मिली, नहीं तो हालात बिगड़ जाते

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष में अल्लाह की मदद मिलने का दावा किया। उन्होंने कहा कि हमने इसे महसूस किया?, जिसकी वजह से हालात पूरी तरह बिगड़ने से बच गए। मुनीर ने यह बयान 10 दिसंबर को इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कॉन्फ्रेंस में दिया। उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए। भारत ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे।



## बांग्लादेश में हिंदुओं पर बर्बरता के खिलाफ रामगढ़ की सड़कों पर उतरा हिंदू टाइगर फोर्स

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची से सटे रामगढ़ की सड़कों पर आज उस वक्त भारी आक्रोश देखने को मिला, जब पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में हिंदू टाइगर फोर्स के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। रविवार की दोपहर रामगढ़ के प्रमुख चौक-चौराहों पर जुटे युवाओं और संगठन के कार्यकर्ताओं ने उग्र इस्लामिक कट्टरता के प्रतीकात्मक पुतले को आग के हवाले कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। यह प्रदर्शन महज एक विरोध नहीं, बल्कि उन रूह कंपा देने वाली घटनाओं के खिलाफ एक सामूहिक गर्जना थी, जो इन दिनों बांग्लादेश की धरती पर घटित हो रही हैं।

## खबर एक नजर...

### जान बचाकर भाग रहा युवक गिरकर हुआ घायल

**उज्जैन।** महिदपुर तहसील के ग्राम चोरवास में रहने वाला रामेश्वर पिता मोतीराम आंजना 27 साल अपने खेत पर काम कर रहा था। उसी दौरान तीन युवक आये और बोला कि हमारे खेत से ट्रेक्टर क्यों निकाला। रामेश्वर ट्रेक्टर निकालने की बात से मना किया तो तीनों ने गाली-गलौच शुरू कर दी और लाठी-हथियार लेकर मारने के लिये दौड़े। रामेश्वर आंजना ने अपनी जान बचाने के लिये दौड़ लगाई। लेकिन वह खेत की बागड़ में फंसकर गिरने से घायल हो गया। उसे शोर मचाया तो तीनों युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। रामेश्वर ने तीनों युवको के खिलाफ महिदपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस तीनों युवको की तलाश कर रही है।

### गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर पहली बार महिलाओं के लिए गुरमत प्रतियोगिता

**उज्जैन।** सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शहर में पांच दिनी आयोजन होंगे। गुरुद्वारा दूध तलाई और गुरुद्वारा सुख सागर में 23 से 27 दिसंबर तक पर्व मनाया जाएगा। समाज के संभागीय प्रवक्ता एसएस नारंग ने बताया कि इसी क्रम में पहली बार महिलाओं की गुरमत प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसंबर की दोपहर 3 बजे से गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा दूधतलाई में किया जाएगा। इसमें 35 से 60 आयु वर्ग की महिलाएं सहभागी बन सकेंगी। प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरु और सिख इतिहास पर क्विज के अलावा चेयर रेस भी होगी। इसी तरह 23 और 24 दिसंबर को शाम 4 बजे से 12 साल तक के छोटे बच्चों के लिए गुरमत प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को इनाम दिया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब माता गुजरी की गीता कॉलोनी में चार साहबजादे माता गुजरीजी का दो दिवसीय शहीदी पर्व मनाया गया। गुरु तेग बहादुरजी की शहीदी पर्व एवं चारों साहबजादो के शहीदी पदों पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रदर्शनी लगाई और अपने हाथों से चित्र बनाए। बच्चों ने 20 और 21 दिसंबर को चित्र प्रदर्शनी लगाई। सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि अतिथि निगम अध्यक्ष कलावती यादव, जोगेंद्र सिंघ डंग, नीटू वीर, पुरुषोत्तमसिंह चावला, इकबालसिंह गांधी थे। रविवार को अमनदीप सिंघ मंझ साहिबजी, बीबी कौलां वाले एवं सहयोगी द्वारा संगत को गुरुबाणी कीर्तन-कथा द्वारा निहाल किया। गुरमत प्रतियोगिताएं सिख धर्म के पवित्र ग्रंथों, इतिहास, सिद्धांतों और सांस्कृतिक मूल्यों के ज्ञान को बढ़ावा देने और परीक्षण करने के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताएं हैं जो आमतौर पर बच्चों, युवाओं और वयस्कों के लिए विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाती हैं। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को सिख धर्म के प्रति अपनी समझ को गहरा करना है।

### जयपुर के भक्त ने 111 किलो पीतल के नंदी भेंट किए



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर को जयपुर के एक भक्त ने 111 किलोग्राम वजनी पीतल के नंदी भेंट किए हैं। भक्त ने यह दान अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर किया। मंदिर समिति ने दानदाता का सम्मान किया। जयपुर निवासी विपिन बंसल ने पुजारी राजेश शर्मा की प्रेरणा से भगवान महाकाल को ये पीतल के नंदी समर्पित किए। इन नंदी का कुल वजन 111 किलोग्राम है। मंदिर समिति ने दानदाता विपिन बंसल को भगवान महाकाल का प्रसाद और दुपट्टा भेंटकर सम्मानित किया। मंदिर समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि इन सुंदर पीतल के नंदी को मंदिर में उचित स्थान पर स्थापित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में भक्त अपनी मनोकामनाएं पूरी होने पर अक्सर सोने, चांदी के आभूषण, नकद राशि या अन्य सामग्री के रूप में दान करते हैं।

# निजी वेयर हाउस में अनाज सुरक्षित नहीं

## वेयर हाउस संचालक ने 1400 क्विंटल सरकारी गेहूं बेचा, शाजापुर में 8 करोड़ का अनाज सड़ा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा सरकारी गेहूं निजी वेयर हाउस में सुरक्षित नहीं है। उज्जैन के एक वेयर हाउस में रखा 27 लाख से ज्यादा कीमत का 1400 क्विंटल गेहूं संचालक ने ही बेच डाला। शाजापुर के दो वेयर हाउसों में तो सरकार का करीब 8 करोड़ को गेहूं-चना सड़ गया। दोनों ही मामले की वसूली को लेकर विभाग के अफसर पसोपेश में है।

हालांकि वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन ने दोनों ही मामले में एफआईआर दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई कर दी, लेकिन अनाज या इसकी राशि की वसूली विभाग अब तक नहीं कर सका। वेयर हाउस संचालकों के लंबे-दांव पेंच के बाद आखिरकार विभाग ने संबंधित वेयर हाउस संचालक की संपत्ति कुर्क करते हुए वसूली करने का निर्णय लिया है, लेकिन कुर्की की कार्रवाई प्रशासनिक अफसरों के स्तर से होना है।



इसको लेकर पत्राचार शुरू हो चुके है। संबंधित वेयर हाउस संचालकों को भी नोटिस देकर चेतावनी भी दे दी गई है। ज्ञात रहे वेयर हाउसों में सामने आई धांधली के मामले में वेयर हाउस कारपोरेशन उज्जैन के तात्कालीन रीजनल मैनेजर और शाखा प्रबंधक भी निलंबित हो चुके है।

**करोड़ों के सरकारी अनाज के मामले में दोनों जगह कार्रवाई चल रही-** उज्जैन और शाजापुर में निजी वेयर हाउस संचालकों के कारण करोड़ों के सरकारी अनाज का मामला पेंडिंग चल रहा है। सरकारी अनाज बेचने वाले उज्जैन के वेयर हाउस संचालक पर कुर्की के लिए अफसरों को पत्र भेजे है।

### प्रकरण-1 : प्रशासनिक अफसर को कुर्की के लिए भेजा पत्र

साल 2020-21 में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए गेहूं की 28 हजार कट्टी (1400 क्विंटल) गौतम वेयर हाउस उज्जैन में रखा गया। करीब 4 साल बाद साल 2024 के अंत में ?अफसरों को इसकी भनक लगी। पूछताछ में पता चला कि यहां रखा सरकार का पूरा 1400 क्विंटल गेहूं वेयर हाउस संचालन ने अपने हिसाब से ही बेच दिया। इसकी कीमत 1975 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य के हिसाब से 27 लाख रुपए है। मामले में सख्ती दिखाते हुए वेयर हाउस के विजयसिंह गौतम के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। प्रकरण न्यायालय में पहुंच गया, लेकिन इधर विभागीय स्तर से वसूली की कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी। ब्रांच मैनेजर कमलेश वाखला ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### प्रकरण -2 : 50 हजार एमटी गेहूं और 1800 क्विंटल चना खराब

शाजापुर के दो वेयर हाउस में 7-8 करोड़ का गेहूं व चने का मामला अटक गया। भाजपा नेता रामेश्वर चौधरी और उनके बेटे धुरंधर चौधरी के भागीरथ एग्री. और भागीरथ वेयर हाउसों में 2020-21 में रखा 50 हजार एमटी गेहूं और 1800 क्विंटल चना खराब हो गया। सितंबर 2023 में पिता-पुत्र के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवा दी, लेकिन 8 करोड़ के अनाज के बदले विभाग को अब तक कुछ भी हाथ नहीं लगा। वेयर हाउस डीएम सुमित शर्मा ने बताया वेयर हाउस में रखे अनाज को सुरक्षित लौटाने की जिम्मेदारी संचालक की होती है। अनाज खराब होने पर भी वे ही जिम्मेदार है। वसूली के लिए हाल ही में संबंधितों को नोटिस जारी कर दिया है, लेकिन क्लेम आदि की राशि समायोजित नहीं हो सकी थी। दो-चार दिन में नया नोटिस देंगे। वसूली नहीं हुई तो कुर्की की कार्रवाई भी शुरू करेंगे।

शाजापुर के मामले में भी जल्द यह कार्रवाई शुरू करेंगे।

**यूएस मोरे, रीजनल मैनेजर एमपी वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन**

# अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन शुरू

## भारतीय काल गणना को प्रचलन में लाने पर विद्वानों का चिंतन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन रविवार दोपहर को कालिदास अकादमी परिसर में शुरू हुआ। इस अधिवेशन में भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रमुख ज्योतिषाचार्य शामिल हुए। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय काल गणना को प्रचलन में लाने पर विद्वानों द्वारा चिंतन करना है।

इस महाधिवेशन का आयोजन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, कालिदास संस्कृत अकादमी, पूर्णश्री फाउंडेशन, आचार्य वराहमिहिर न्यास, सम्राट विक्रमादित्य विद्वत परिषद् और साउथ एशियन एस्ट्रो फेडरेशन (नेपाल) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। शुभारंभ अवसर पर समाजसेवी नरेश शर्मा, पुराविद डॉ. रमण सोलंकी, डॉ. गोविंद गंधे, प्रो.




बीके आंजना और आचार्य चूड़ामणि पांडेय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कुलगुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. एस रावत दिल्ली और प्रो. निलिम्प त्रिपाठी भी विशेष रूप से शामिल हुए। ज्योतिषाचार्य कैलाशपति नायक ने 'समय का भारतीयकरण' किए जाने की मांग पर तथ्यों के साथ अपनी बात रखी। कार्यक्रम संयोजक ज्योतिषाचार्य सर्वेश्वर शर्मा ने स्पष्ट किया कि ज्योतिष लोगों में भय पैदा करने के लिए नहीं है, न ही यह भविष्य बदलने का दावा करता है। यह विज्ञान और गणना पर आधारित एक विधा है। अध्यक्षता कर रहे प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और शासन द्वारा भारतीय काल गणना को प्रभावी बनाने की योजना पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से यह अधिवेशन आयोजित किया गया है, क्योंकि उज्जैन कालगणना का प्रमुख केंद्र है।

## विश्व ध्यान दिवस पर कन्या छात्रावास में आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर 21 दिसंबर को कन्या छात्रावास में छात्राओं के लिए ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के साधकों ने छात्राओं को ध्यान की विभिन्न विधियों की जानकारी दी और उन्हें ध्यान का अभ्यास कराया। इस आयोजन में छात्रावास की 70 से अधिक छात्राएं उपस्थित थीं।

यह ध्यान साधना शिविर गायत्री शक्तिपीठ के सहयोग से शासकीय कन्या उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के छात्रावास में आयोजित हुआ। 21 दिसंबर, रविवार को हुए इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। छात्रावास की अधीक्षिका आभा रिमझा के सहयोग से यह शिविर संपन्न हुआ।

शिविर के दौरान, गायत्री परिवार के मुकुल भावसार ने ध्यान की पृष्ठभूमि और इसके ज्ञान-विज्ञान पर प्रकाश डाला। देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने ध्वनि और



प्रकाश ऊर्जा के साथ स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर के ध्यान का अभ्यास कराया। आचार्यों ने छात्राओं को सुगम ध्यान विधियां भी सिखाईं और उनसे नियमित अभ्यास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर छात्राओं को धार्मिक फोल्डर वितरित किए गए। गायत्री परिवार द्वारा 'युग निर्माण सत्संकल्प' का पॉकेट फोल्डर भी दिया गया, और छात्राओं से इसे प्रतिदिन पढ़ने का संकल्प कराया गया।

# उज्जैन में क्रिसमस से पहले निकला कैरोल जुलूस

## प्रभु यीशु के प्रेम और शांति का संदेश दिया, जुलूस में बैंड-बाजे, ढोल और बग्गियां भी शामिल






**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन में क्रिसमस पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को ईसाई समुदाय ने कैरोल गीत गाते हुए एक जुलूस निकाला। इस जुलूस का उद्देश्य प्रभु यीशु के प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था।

जुलूस की अगुवाई बिशप सेबोस्टियन वड़क्केल ने की। उन्होंने बताया कि प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव की तैयारियां चर्च में शुरू हो चुकी हैं और पूरा ईसाई समुदाय इस आयोजन को लेकर उत्साहित है। यह जुलूस सुबह चर्च में प्रार्थना सभा के बाद देवास रोड स्थित कैथोलिक चर्च से प्रारंभ हुआ। इसमें आईजी बंगले के पास स्थित मसीही चर्च के सदस्य भी शामिल हुए। जुलूस में बैंड-बाजे, ढोल और बग्गियां शामिल थीं। सांता क्लॉज की वेशभूषा में बच्चे और बड़े, सभी उम्र के लोग कैरोल गीतों पर झूमते-नाचते और गाते हुए चल रहे थे। जुलूस देवास रोड से टॉवर चौक होते हुए वापस देवास रोड स्थित मारिया नगर चर्च पहुंचा। शहर के चर्चों में प्रभु यीशु के जन्मदिवस की तैयारियां चार दिन पहले से ही चल रही हैं। ईसाई समुदाय द्वारा प्रतिदिन सुबह-शाम प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं। चर्चों को विद्युत रोशनी से सजाया जा रहा है और प्रभु यीशु के जन्म से लेकर उनके जीवन पर आधारित झांकियां भी तैयार की जा रही हैं। पूरे ईसाई समुदाय में क्रिसमस उत्सव का माहौल दिखाई दे रहा है।

उज्जैन
सोमवार
22
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सद्भिः पुरस्तादभिपूजितः स्यात् सद्भिस्तथा पृष्ठतो रक्षितः स्यात्।
सदासतामतिवादांस्तितिक्षेत् सतां वृत्तं चाददीतार्यवृत्तः॥

**अर्थः** व्यक्ति के कर्म ऐसे हों कि सज्जन लोग उसके समक्ष सम्मान व्यक्त करें ही, परोक्ष में भी उनकी धारणाएं सुरक्षित रहें। दुष्ट प्रकृति के लोगों की ऊलजलूल बातें सह ले और सदैव श्रेष्ठ लोगों के सदाचारण में स्वयं संलग्न रहे।

### खबर एक नजर...

## इंदौर में तेज रफ्तार कार ने कई कारें की क्षतिग्रस्त



**इंदौर।** इंदौर के राजेंद्र नगर थाना इलाके में शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से 5 से अधिक कारों को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद ड्राइवर रात में गाड़ी छोड़कर भाग गया। सुबह रहवासी थाने पहुंचे और मामले में एफआईआर कराई है। पुलिस आसपास के कैमरों से टक्कर मारने वाली कार की तलाश कर रही है। घटना रात करीब 2.30 के लगभग धनवंतरी नगर की है। यहां पर 61 वर्षीय अजय गोविंद ने शिकायत की है कि उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी। तभी रात में उन्हें अचानक आवाज आई। वह बाहर जाकर देखा तो कई कारें क्षतिग्रस्त नजर आई। रविवार सुबह मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। रहवासियों के मुताबिक जहां घटना हुई वहां कुछ घरों के कैमरे बंद हैं। पुलिस आसपास के कैमरों से जानकारी जुटा रही है।

## इंदौर में युवती से छेड़छाड़ और मारपीट

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाली 21 वर्षीय युवती के साथ उसके पूर्व प्रेमी द्वारा छेड़छाड़ और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने बीच सड़क युवती के साथ बदसलूकी की और उसे धमकी भी दी। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर अर्जुन पुत्र जगदीश चौहान निवासी ग्राम चापड़ा जिला देवास के खिलाफ मारपीट और छेड़छाड़ की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह घरेलू काम करती है। शनिवार को वह अपनी बहन को दोपहिया वाहन से एमपी पब्लिक स्कूल छोड़ने आई थी। जब वह वहां से लौट रही थी और वाहन मोड़ रही थी, तभी पीछे से आरोपी अर्जुन आ गया। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उससे मोबाइल मांगा और जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसका गला पकड़ लिया, थप्पड़ मारे। इस दौरान दोनों वाहन समेत गिर गए। आरोपी ने युवती पर दबाव बनाते हुए कहा कि उसे उससे बात करनी होगी, नहीं तो अंजाम ठीक नहीं होगा।

## महापौर ने सफाई मित्रों के साथ किया चाय-नाश्ता

**इंदौर।** महापौर ने आज सफाई मित्रों के साथ चाय-नाश्ता किया। वे दौरे पर थे, तभी उन्हें रास्ते में कुछ सफाई मित्र महिलाएं नजर आई। वे वहां रुके और उनसे बातचीत की और उनके साथ ही बैठकर चाय-नाश्ता किया। महिला सफाई मित्रों ने महापौर से परमानेंट करने और पेंशन की समस्या बताई। महापौर पुष्यमित्र भार्गव सुबह जोन नंबर 3 क्षेत्र के लोखंडे पुल का दौरा करने पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने महिला सफाई मित्र के एक ग्रुप को देखा। उन्हें देख वे वहीं रुक गए और उनसे बात करने पहुंचे। महापौर ने सभी से हालचाल पूछा और कहा कि - आज भी छुट्टी नहीं है। रविवार को भी काम करना है। सफाई मित्र महिलाओं ने बताया कि उनकी अलग-अलग दिन छुट्टी रहती है। महापौर ने कहा कि एक-एक हजार रुपए बढ़ा दिए है आपके। इस पर महिला सफाई मित्रों ने महापौर से कहा कि हमें परमानेंट कर दो। इस पर महापौर ने कहा कि परमानेंट करना मेरे बस का नहीं है, अब समय गया कि होगा कोई। मैं झूठ बात नहीं बोलता आपको। एक महिला सफाई मित्र ने महापौर से पूछा कि हमें पेंशन कबसे मिलेगी। महापौर ने जवाब दिया कि पेंशन किसी को नहीं मिलेगी। मैं आपको बोलकर जाऊं की कर दूंगा, मैं झूठ बात नहीं बोलता।

### चोरल में जहां बाघ के 37 पगमार्क मिले, वहीं 49 हेक्टे. जंगल काटने की तैयारी

# 495 हेक्टेयर घना जंगल रेल लाइन के लिए कटेगा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर वन मंडल की चोरल रेंज में वन्य जीवों की गणना में बाघों के 37 और तेंदुओं के 89 पगमार्क मिले हैं। यह संख्या यहां की चारों रेंज में सर्वाधिक है। हालांकि इस क्षेत्र में बाघों के मूवमेंट की यह खुशी अधिक दिनों तक नहीं रहेगी। अगले साल यहां का 495 हेक्टेयर घना जंगल रेल लाइन के लिए काट दिया जाएगा। इसमें 2.50 लाख से ज्यादा पेड़ कटने की आशंका है।

यानी बाघ और तेंदुओं की आवाजाही वाला यह जंगल जल्द उजाड़ हो जाएगा। 18 से 24 दिसंबर तक हुई गणना के दौरान 18 दिसंबर को ही चोरल में बाघों के 13 और तेंदुओं के 28 पगमार्क मिले थे। इसके बाद 19 और 20 दिसंबर को भी लगातार पगमार्क मिले। चोरल रेंज की 33 बीट में गणना हुई। जिन बीटों में पगमार्क मिले, वे सभी रेल लाइन से प्रभावित होंगी। जंगल कटने से जानवरों का पलायन होगा। चोरल और महू में 50 से 100 साल पुराने पेड़ काटे जाएंगे। लेकिन उनकी भरपाई के लिए जो जंगल तैयार होंगे, वे कई साल बाद बनेंगे। जंगल की कटाई महू रेंज के ग्राम भगोरा से शुरू होगी। चोरल से बलवाड़ा तक पेड़ काटे जाएंगे। डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया, कोशिश रहेगी कि कम से कम पेड़ काटे जाएं। गेज कन्वर्जन के ट्रैक में जो पेड़ आएंगे, सिर्फ उन्हें ही काटा जाएगा।



### इंदौर में नहीं लगेंगे नए पेड़

महू से सनावद तक रेल लाइन के लिए जंगल काटा जाएगा। इसकी भरपाई के लिए 10 लाख पौधे लगाए जाएंगे, लेकिन ये पौधे इंदौर में नहीं लगेंगे। इन्हें धार, झाबुआ और आलीराजपुर में लगाया जाएगा। इंदौर जिले में वन विभाग को देने लायक राजस्व जमीन नहीं बची है। धार, झाबुआ और आलीराजपुर में बंजर जमीनें हैं, इसलिए वहां पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग यहां 10 से 20 साल तक मानसून में पौधे लगाएगा।

### इंदौर में बाघ के 5, तेंदुओं के 40 पगमार्क

बाघों के पगमार्क की बात करें तो 18 दिसंबर को चोरल में 13, 19 को 6 और 20 को 18 पगमार्क मिले। कुल 37 पगमार्क चोरल में मिले। इंदौर में 5, महू में 7 और मानपुर में 2 पगमार्क मिले। रालामंडल में कोई पगमार्क नहीं मिला। वहीं तेंदुओं के पगमार्क सबसे ज्यादा चोरल में मिले। 18 दिसंबर को 28, 19 को 28 और 20 को 33 पगमार्क मिले। कुल 89 पगमार्क चोरल में दर्ज हुए। इंदौर में 40, महू में 32, मानपुर में 34 और रालामंडल में 3 पगमार्क मिले।

### कनेक्टिविटी का मॉडल बनेगा इंदौर मेट्रोपॉलिटन

# रैपिड रेल, मेट्रो से जुड़ेगा हर जिला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन (आईयूएमआर) देश में कनेक्टिविटी का एक बेहतर मॉडल बनकर सामने आएगा। इस पूरे एरिया को इसी तरह प्लान किया गया है कि देश के बड़े शहरों से ये रेल, बस और हवाई यातायात के जरिए सीधे जुड़े और इसका फायदा सभी 6 जिलों के 70 लाख आबादी को फायदा मिले।

इसके लिए रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम, मेट्रो, वंदे भारत के अलावा ग्रीन लाइन बसों का प्रस्ताव है, जो सभी जिलों को कवर करते हुए आसपास के राज्यों के बड़े शहरों से जोड़ेंगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, इंदौर-उज्जैन में पूरे एरिया की सीमा 50 से 70 किमी के बीच होगी। रीजन का अधिकांश एरिया वर्तमान रेलवे नेटवर्क के आसपास रहेगा।

डेवलपमेंट मेग्नेट भी इस नेटवर्क के आसपास ही बनेंगे, क्योंकि यहां से आवाजाही आसान होगी। इसी आधार पर मोबिलिटी प्लान बना रहे। इस एरिया को फायदा ये है कि सेंट्रल इंडिया के तीन बड़े रेल जंक्शन उज्जैन, रतलाम और नागदा इसमें आ रहे। यानी आईएमयूआर से अब पूरा देश कनेक्ट होगा। इसी तरह दाहोद, छोटा उदयपुर तक रेल नेटवर्क बनने, खंडवा रेल लाइनों के गेज परिवर्तन होने और इंदौर- मनमाड़ लाइन बनने के बाद इंदौर भी एक जंक्शन की तरह विकसित हो जाएगा। आईयूएमआर के जिस धार जिले में अब तक ट्रेन नहीं है, वहां भी अगले साल ट्रेन चलेगी।



### सबसे समृद्ध परिवहन वाले मेट्रोपॉलिटन की योजना

इंदौर, उज्जैन व देवास के बीच रेलवे लाइनों का नेटवर्क खाली रहता है। नागपुर की तरह ब्रॉडगेज मेट्रो का प्लान है, इससे पूरे क्षेत्र के उपनगरों को जोड़ेंगे। इंदौर-पीथमपुर, इंदौर-उज्जैन के लिए मेट्रो ट्रेन प्रस्तावित हो चुकी है, 5 साल में निर्माण होगा। तीन बड़े जंक्शन उज्जैन, रतलाम, नागदा भी मिल रहे हैं। यह रेल नेटवर्क दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पर आता है। इससे यात्री और माल परिवहन भी आसान होगा।

### सड़क पर बना रहे थे बर्थडे

# सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी पहुंचे तो किया विवाद

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की बाणगंगा पुलिस ने पिता पुत्र और उनके साथियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा को लेकर एफआईआर की है। बताया जाता है कि आरोपी रास्ते में बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे थे। जब पुलिस पहुंची तो आरोपियों ने यहां उनसे भी विवाद किया। पुलिसकर्मियों ने बाणगंगा के पुलिसकर्मी रामकुमार त्यागी निवासी चौथी पल्टन की शिकायत पर धीरज पुत्र विक्रम सोनारथिया निवासी न्यू बजरंगपुरा,विक्रम पुत्र रघुनाथ,आर्यन ओर उनके साथियों के खिलाफ हंगामा करने और पुलिस से विवाद करने के मामले में एफआईआर की है।

रामकुमार त्यागी के मुताबिक उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लोग सड़क पर अपनी गाड़ियां खड़ी कर अनावश्यक भीड़ लगाकर हुड़दंग कर रहे है। इसमें आने जाने वाले राहगीरों का रास्ता रुका है । तब प्रधान आरक्षक चरण सिंह ने उन्हें वहां से हटने के लिए कहा किंतु विक्रम उसके बेटे आर्यन और धीरज ने आस पड़ोस के लोगों को आवाज देकर बुला लिया और सभी लोग चिल्ला चोट कर पुलिसकर्मियों के साथ हुज्जत करने लगे। इसी दौरान इन लोगों ने हमारे साथ झूमाझटकी की। सभी पुलिस की गाड़ियों के आगे खड़े हो गए। वाहन के आगे खड़े हो गये इस कारण से पुलिस सभी को पकड़कर थाने ले आई। उन पर शासकीय कार्य में बाधा को लेकर एफआईआर की गई है।

# खराब इंजीनियरिंग ने डुबोया एक और स्विमिंग पूल

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नेहरू पार्क, विश्रामबाग के बाद स्कीम 78 स्थित अटल खेल परिसर में बने स्विमिंग पूल में भी गड़बड़ी सामने आई है। 20 साल पहले 2 करोड़ से तैयार किया गया यह पूल अब तक शुरू नहीं हो सका है। खराब इंजीनियरिंग, पानी की कमी और फिल्टर प्लांट की जगह नहीं होने से पूल में पहले दिन से ही ताला लगा है। टाइल्स भी उखड़ चुकी हैं।

**20 साल बाद भी शुरू नहीं; 2 अन्य स्विमिंग पूल में भी सामने आ चुकी ऐसी गड़बड़ी**



**2005 में बनाया गया था यह स्विमिंग पूल**
**02 करोड़ की लागत से किया गया था निर्माण**
**02 अन्य स्विमिंग पूल में भी सामने आ चुकी ऐसी गड़बड़ी**

2005 में तैयार हुआ यह पूल अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। चारों ओर गंदगी फैली रहती है और बारिश के दिनों में पूल में पानी भर जाता है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिसका असर पास के बैडमिंटन, ताइक्वांडो-कराते हॉल में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों पर पड़ रहा है। एक्सपर्ट का कहना है पूल बनाने के दौरान ठेकेदार और इंजीनियर ने अंतरराष्ट्रीय मापदंडों का ध्यान नहीं रखा।

पूल को तोड़कर फिर से बनाना ही विकल्प है। यदि यहां स्विमिंग पूल तैयार होता है तो पूर्वी क्षेत्र में तैराकों की संख्या बढ़ सकती है। पिछले एक साल से नेहरू पार्क का स्विमिंग पूल भी बंद है, ऐसे में पूर्वी क्षेत्र के कई खिलाड़ी प्रैक्टिस से वंचित रह गए हैं।

### पूर्वी क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए बनाया गया था यह पूल

यह स्विमिंग पूल खास तौर पर पूर्वी क्षेत्र के खिलाड़ियों की जरूरत को देखते हुए बनाया गया था। नेहरू पार्क स्थित पूल इस क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए काफी दूर पड़ता है, जबकि निजी क्लब की तैराकी फीस बहुत ज्यादा है। इसी कारण इस पूल का निर्माण किया गया, लेकिन लापरवाही के चलते यह सपना अधूरा रह गया। नेताओं ने पूल बनाने की घोषणा की और ठेकेदार ने ठेका लेकर काम शुरू कर दिया। ठेकेदार ने अपने मन से ही गहराई तय करते हुए पूल तैयार कर दिया। पूल में फिल्टर प्लांट नहीं लगाया गया। वहीं, पूल को भरने के लिए पर्याप्त पानी की अटल खेल परिसर का स्विमिंग पूल अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप नहीं बनाया गया। ऐसे प्रोजेक्ट में शुरुआत से ही अंतरराष्ट्रीय कोच और एक्सपर्ट कमेटी को शामिल करना चाहिए। साथ ही ऐसी कंपनी को टेंडर देना चाहिए, जिसे स्विमिंग पूल बनाने का अनुभव हो। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी यदि सुविधा शुरू न हो तो यह जतना की गाढ़ी कमाई की बर्बादी है।

## खबर एक नजर...

### कार्य समय पर करें, निरीक्षण करें और अवगत कराएं-श्रीमती कुंवर

**उज्जैन।** जिला पंचायत शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर द्वारा गत दिवस जिला पंचायत सभा कक्ष में शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा की गई। इस अवसर पर शिक्षा समिति सदस्य ओम प्रकाश राजोरिया, प्रताप सिंह आर्य एवं राम प्रसाद पंड्या विशेष रूप से उपस्थित थे। समीक्षा की शुरूआत पालन प्रतिवेदन वाचन के साथ एडीपीसी गिरीश तिवारी ने की।

पालन प्रतिवेदन के प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों द्वारा कहा गया कि सभी विकासखंड एवं जिले पर होने वाले कार्यक्रम में शिक्षा समिति को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें। इस संबंध में प्रताप सिंह आर्य ने ड्रीङ्ग महिदपुर एवं उत्कृष्ट विद्यालय महिदपुर के प्राचार्य पर कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।अध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर द्वारा कहा गया कि कार्यवाही विवरण तत्काल जारी हो और पालन और प्रतिवेदन एक सप्ताह में मिल जाए। आगामी दिनों में प्रत्येक 15 दिवस या एक माह में यह बैठक आयोजित की जाए। समीक्षा के दूसरे चरण में स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं को लेकर एडीपीसी श्री तिवारी ने जानकारी दी। अध्यक्ष ने निर्माण कार्य, सांदीपनि स्कूल, आईसीटी स्कूल एवं सभी स्कूलों को जारी राशि एवं खर्च की जानकारी देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र खत्री को कहा। इसके बाद डीपीसी अशोक त्रिपाठी ने सर्व शिक्षा अभियान की योजनाओं की जानकारी दी। अध्यक्ष ने इस पर डीपीसी से अधूरे निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा एवं रिपोर्ट समिति को देने हेतु निर्देशित किया। आदिम जाति कल्याण विभाग से अधिकारी द्वारा सहायक को भेजे जाने पर शिक्षा समिति अध्यक्ष ने कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा।

### श्रीमती मोहिनी देवी शर्मा का असामयिक निधन

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के आचार्य प्रो जगदीश चंद्र शर्मा एवं राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो शैलेंद्र कुमार शर्मा की माताजी श्रीमती मोहिनी देवी शर्मा का दुखद निधन रात्रि को हो गया है, जिनकी अंतिम यात्रा 22 दिसंबर 2025 को निज निवास- ए 2/24 महानन्दनगर, उज्जैन से चक्रतीर्थ के लिए प्रस्थान करेगी।

### 24 दिसम्बर के रात 12 कैथोलिक चर्च में होगा विशेष प्रार्थना का आयोजन

# प्रभु यीशु के जन्मोत्सव से पहले ईसाई समाज ने निकाला जुलूस





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

क्रिसमस पर्व से पहले ईसाई समुदाय ने ने रविवार को प्रभु यीशु के जन्मोत्सव का शहर में जुलूस निकाला और शांति का संदेश दिया। जुलूस में कैथोलिक और मसीही चर्च के अनुयाई शामिल हुए। जुलूस मार्ग पर कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर समाजजनों का अभिवादन किया गया।

ईसाई समाज का सबसे बड़ा पर्व क्रिसमस 25 दिसम्बर को मनाया जाएगा। इससे चार दिन पहले रविवार को ऋषि नगर स्थित मरिया नगर कैथोलिक चर्च से प्रभु यीशु के जन्म उत्सव संदेश का जुलूस निकाला गया। जुलूस में मसीही चर्च के अनुयाई भी शामिल हुए। जुलूस तीन बत्ती चौराहा होते हुए टावर चौक पहुंचा जहां से शहीद पार्क पुलिस कंट्रोल रूम के सामने से गुजरते हुए मरिया नगर कैथोलिक चर्च पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान जुलूस के सबसे आगे सांता क्लॉस की वेशभूषा में समाज के बच्चे चार पहिया वाहन में सवार होकर चल रहे थे, पीछे समाज जन झूमते नाचते और अपने प्रभु यीशु के कैरोल गीत गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान शांति का संदेश देते हुए बताया गया कि प्रभु यीशु का जन्म ईसाई समुदाय ही नहीं पूरी मानव जाति के लिए हुआ था। जुलूस समाप्ति के बाद चर्च परिसर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजित की गई और केक काटकर क्रिसमस पर्व का आगाज किया गया।

## 18 जनवरी को तिरुपति बस्ती में होगा हिंदू सम्मेलन, कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



उज्जैन तिरुपति बस्ती में 18 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन हेतु कार्यालय का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राकेश खांडेगर, नगर अध्यक्ष दिवाकर पटेल, नगर कोषाध्यक्ष योगेश घनघोरिया, बस्ती संयोजक दिलीप उपाध्याय, सह संयोजक भूपेंद्र सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद बैरागी, नवीन जैन, पवन जाट, महिपाल सिंह, रंगलाल, रामकृष्ण, राहुल गुप्ता, अमित मालवीय, रामस्वरूप प्रजापति, रमेश चंद्र खत्री, जगदीश केलवा तथा बस्ती के प्रबुद्ध नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राकेश खांडेगर ने उपस्थित बस्तीवासियों को हिंदू सम्मेलन के राष्ट्र प्रथम की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, सम्पूर्ण हिंदू समाज को एक मंच पर लाने का आव्हान किया। हिंदू समाज में सामाजिक समरसता हो और सभी एक साथ सहभोज करे, ये हिंदू सम्मेलन समस्त हिंदू समाज का है इसमें सभी की उपस्थिति हो ऐसा समाज से आग्रह किया। बस्ती संयोजक दिलीप उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में तिरुपति बस्ती के सभी स्वयंसेवक एवं समाजजन उत्साह एवं अनुशासन के साथ उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रभक्ति के उद्घोषों के साथ हुआ।

### मप्र कुश्ती महासंघ ने किया उज्जैन जिला कुश्ती संघ का गठन

## नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नारायण यादव का 101 किलो वजनी पुष्प माला से हुआ भव्य स्वागत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**




उज्जैन जिला कुश्ती संघ द्वारा अध्यक्ष उमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नारायण यादव एवं कार्यकारिणी का भव्य स्वागत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष नारायण यादव का मालवा की परंपरा अनुसार साफा बांधकर एवं 101 किलो वजनी पुष्प माला से भव्य स्वागत किया गया। साथ ही प्रदेश की नव नियुक्त कार्यकारिणी का भी साफा एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष नारायण यादव ने उज्जैन जिला कुश्ती संघ का गठन किया। साथ ही राष्ट्रीय कुश्ती में ब्रांस मेडल जीत चुके रोहित प्रजापत और यशस्वी भाटी का पुष्पमाला पहनाकर एवं प्रोत्साहन राशि देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मथुरालाल यादव, वरिष्ठ समाज सेवक जमुना भैया यादव, शेखर यादव, ओम भैया यादव, राजाराम यादव सहित कई समाज सेवक शामिल हुए। मध्य प्रदेश कुश्ती महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि कुश्ती एक प्राचीन खेल है और इसे आगे बढ़ाने के लिए महासंघ काम करेगा। उज्जैन जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष उमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि कुश्ती एक अच्छा खेल है और इसे बढ़ावा देने के लिए महासंघ काम करेगा। जिला कुश्ती संघ के सचिव सुरेंद्र यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष नारायण यादव उर्फ दादा दयालु इस खेल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाएंगे।

# शहीदी पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रदर्शनी लगाई

### चार मुए तो क्या हुआ जीवत कई हजार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**






गुरुद्वारा साहिब माता गुजरी की गीता कॉलोनी में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चार साहबजादे माता गुजरी जी का दो दिवसीय शहीदी पर्व मनाया गया। गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी पर्व एवं चारों साहब जादो के शहीदी पदों पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रदर्शनी लगाई एवं अपने हाथों से चित्र बनाएं।

बच्चों द्वारा सर हिंदी परंपरा के शीर्षक पर पेंटिंग की चित्र प्रदर्शन 20 और 21 दिसंबर को लगाई गई। गुरुद्वारा साहिब में भी भवन का नवीनीकरण का कार्य संगत के सहयोग से हुआ। केवल सिख धर्म ही ऐसा धर्म है जिसमें शहीद को पर्व के रूप में गर्व के रूप में मनाया जाता है। सिख धर्म ने देश की आजादी के लिए भी सबसे अधिक शहादत दी है। इससे इतिहास भरा हुआ है। यह जानकारी सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष कलावती दीदी यादव एवं विशेष उपस्थिति जोगेन्दर सिंघ डंग, नीटु वीर जी, पुरुषोत्तम सिंह चावला, चरणजीत सिंह कलरा, इकबाल सिंह गांधी मकर साहब, हाकम सिंह, सरपंच बाबा जी की विशेष उपस्थिति की राही धर्मरक्षक चार साहिबजादे, माता गुजरीजी एवं अनेक सिंघ-सिंघणियों का शहीदी पर्व उज्जैन की समूह साध संगत द्वारा श्रद्धा, उत्साह एवं समर्पण भाव से मनाया। अमनदीप सिंघ मंझ साहिबजी, बीबी कौलां वाले एवं सहयोगी द्वारा संगत को गुरुबाणी कीर्तन - कथा द्वारा निहाल किया। गीता कॉलोनी स्थित गुरूद्वारा साहिब माता गुजरीजी में 21 दिसंबर रविवार कीर्तन स्थानीय जत्था द्वारा तथा कथा-कीर्तन भाई भाई अमनदीप सिंघ मंझ साहिब जी, बीबी कौलां वाले द्वारा किया गया। कीर्तन की समाप्ति उपरांत) गुरु जी के अतूट लंगर का आयोजन किया गया। गुरुद्वारों के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह चावला, चरणजीत सिंह कालरा, इकबाल सिंह गांधी, जसवंत मक्कड़ ,सरपंच बाबा जी, हाकम सिंह, जोगेन्दर सिंघ डंग एवं पदाधिकारी अन्नू अरोरा, हरपाल चावला, अवतारसिंह अरोरा, अवतारसिंह जूनेजा, बंटी मोंगा, विक्की चावला, कपिल अरोरा, जसबीर कौर चावला, हरजीत कौर अरोरा, शिट्टो अरोरा, बबली चावला ने आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नजर...

### यात्रियों को मनमाने किराए से राहत देने की योजना पर ताला

**उज्जैन,** शहर में दो साल पहले शुरू किए प्री-पेड ऑटो बूथ अव्यवस्था का शिकार नजर आ रहे हैं। यह बूथ रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म-1 के सामने, माल गोदाम के पास और सांदीपनि आश्रम के सामने बनाए थे, लेकिन तीनों बूथ पर अधिकांश समय ताला लगा रहता हैं। प्री-पेड बूथों का उद्देश्य यात्रियों को तय किराए पर ऑटो सुविधा देना था, ताकि मनमाना किराया वसूली और विवाद से निजात मिल सके।

### एक बगिया मां के नाम परियोजना में हिग्राहियों का प्रशिक्षण आयोजित

**उज्जैन,** जनपद पंचायत बडनगर में गत दिवस मनरेगा योजना अंतर्गत एक बगिया मां के नाम परियोजना में लाभान्वित हितग्राहियों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पौधरोपण, पौधों की सुरक्षा, जलकुण्ड एवं परियोजना में ड्रिप इरिगेशन के सम्बंध में उद्यानिकी विभाग कृषि विभाग से अनुदान की जानकारी एवं सुविधाओं का लाभ देने के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बडनगर, परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत, एवं उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण एवं योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### आपकी पूंजी आपका अधिकार कार्यक्रम के अंतर्गत कैंप आयोजित



**उज्जैन.** भारतीय रिजर्व बैंक के निदेर्शानुसार 'आपकी पूंजी, 'आपका अधिकार' कार्यक्रम के तहत अग्रणी जिला बैंक, बैंक ऑफ इंडिया के आह्वान पर 19 दिसंबर को निष्क्रिय खातों की अक्रियाशील राशि के निपटान के लिए प्रशासनिक संकुल भवन उज्जैन में विशेष कैंप अपर कलेक्टर श्री शाश्वत शर्मा की उपस्थिति एवं भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल की उप महाप्रबंधक , श्रीमती अलका अजित गर्दे, आंचलिक प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल अजीत कुमार शरण, एलडीओ भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल धीरज गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक बलराम बैरागी व विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक, जिला समन्वयकों शाखा प्रबंधकों, प्रशासनिक विभाग के विभागीय अधिकारियों ग्राहकों की उपस्थिति में कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बैंकों के अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# औदीच्य ब्राह्मण समाज का 27वां परिचय सम्मेलन सम्पन्न

### 1000 से अधिक युवक-युवतियों की प्रविष्टियाँ प्राप्त, 21 से अधिक वैवाहिक संबंधों पर चर्चा प्रारम्भ




**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

21 दिसम्बर 2025 को औदीच्य ब्राह्मण समाज का 27वां भव्य परिचय सम्मेलन उज्जैन में अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में देशभर से 1000 से अधिक युवक-युवतियों की प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं तथा समाजजनों के आपसी सहयोग से 21 से अधिक वैवाहिक संबंधों पर सकारात्मक चर्चा प्रारम्भ हुई, जो समाज के लिए एक उत्साहवर्धक संकेत रहा।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय औदीच्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पटेल सत्यनारायण त्रिवेदी, महासभा के महामंत्री डॉ. रवि ठक्कर, दिल्ली से पधारे सुखबीर गौतम एवम श्री महेश ज्ञानी सहित राजस्थान, गुजरात एवं अन्य राज्यों से आए वरिष्ठ समाजजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। यह सम्मेलन औदीच्य ब्राह्मण समाज वरिष्ठजन समिति, औदीच्य महिला इकाई तथा युवा कल्याण औदीच्य ब्राह्मण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना, परम्पराओं का निर्वहन करना तथा समाज को एकसूत्र में पिरोना रहा। सम्मेलन में मंच से युवक-युवतियों ने आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय दिया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभाशाली युवक-युवतियों–जैसे युवा उद्यमी, इंजीनियर, चिकित्सक, आर्किटेक्ट, व्यवसायी, पंडित एवं पुरोहित–ने अपना विस्तृत बायोडाटा प्रस्तुत किया। इससे अभिभावकों एवं समाजजनों को भावी जीवनसाथी के चयन में सहजता प्राप्त हुई। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली मंच संचालन श्याम मेहता द्वारा किया गया। समापन अवसर पर आभार प्रदर्शन युवा कल्याण औदीच्य ब्राह्मण समिति के अध्यक्ष चेतन जोशी द्वारा किया गया, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समस्त अतिथियों, समाजजनों, कार्यकताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समग्र रूप से यह परिचय सम्मेलन सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों और परम्परागत संस्कारों को सशक्त करने की दिशा में एक सफल एवं प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।

### उज्जैन यात्रा की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की

# अखिल भारतीय भार्गव सभा के 134वें वार्षिक अधिवेशन में निकाली बाबा महाकाल की सवारी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



अखिल भारतीय भार्गवा सभा के 134वें वार्षिक अधिवेशन में उज्जैन महिला भार्गव सभा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उज्जैन यात्रा की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई।

प्रचार प्रसार समिति के संयोजक राकेश भार्गव ने बताया कि इस नृत्य नाटिका में सर्वप्रथम चिंतामन गणेश, पश्चात हरसिद्धि माता, गढ़कालिका, महाकाल स्थापना, 84 महादेव, मंगलनाथ, कालभैरव, नो नारायण, सप्तसागर, शिप्रा आरती, सांदीपनि आश्रम, विक्रमादित्य नाटक, महाकवि कालिदास, गोपाल मंदिर, सिंहस्थ शीर्षकों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं अंत में बड़ी धूमधाम से बाबा महाकाल की सवारी निकाली गई।

प्रस्तुत कार्यक्रम का नृत्य निर्देशन युग भार्गव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रीति भार्गव द्वारा तैयार किये गये स्वागत गीत से हुआ। कार्यक्रम को अखिल भारतीय भार्गव सभा के सांस्कृतिक समिति के सचिव सुनीत भार्गव रेवाड़ी एवं जितेंद्र भार्गव लखनऊ तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव भार्गव एवं सचिव तरूण भार्गव ने बहुत सराहा। कार्यक्रम की मुख्य मुख्य संयोजीका संगीता भार्गव थी। कार्यक्रम में अजय रेमंड, पीयूष, चारु, पायल, वैदेही, संयम, शिवम को विशेष आभार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सलिल भार्गव एवं स्मिता भार्गव ने किया। आभार जया भार्गव ने माना।

### सुरज नगर के पार्श्वनाथ परिसर में 11 जनवरी को होगा विराट हिंदू सम्मेलन

**उज्जैन।** शहर के केशव नगर की अहिल्या बस्ती में सुरज नगर स्थित पार्श्वनाथ परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन हेतु सखीपुरा स्थित हिंगलाज माता मंदिर में कार्यालय का शुभारंभ कर हिंदू संगम समिति का गठन किया गया। संयोजक मनोज मालवीय, सहसंयोजक महेंद्र रघुवंशी, सहसंयोजक आशीष एवं नाटानी, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, राकेश पटेल सहित 30 सदस्यों की समिति बनाई गई। मुख्य अतिथि सत्य नारायण नाटानी, मुकेश दिसावल सामाजिक समरसता प्रांत संयोजक, ममता सागते नगर सह संयोजक, विनय दाता नगर कार्यवाह मंचासीन थे। मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश दिसावल ने हिंदू सम्मेलन की सार्थकता पर विस्तार से समझाते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से कार्यक्रम हो।

### पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी की

# मध्यप्रदेश ट्रांसमिशन कंपनी के लिए भी चीनी मांझा बड़ा खतरा

### ट्रांसमिशन लाईनों के साथ पतंग उड़ाने वाले दोनों के लिए घातक

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



उज्जैन शहर और आसपास के क्षेत्रों में चीनी मांझा एक्सट्रा हाई-वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। ट्रांसमिशन नेटवर्क की सुरक्षा पर भी सीधा असर पड़ने के साथ ही पतंग उड़ाने वाले के लिए भी यह घातक हो सकता है। पिछले दिनों में दो मामलों में दो बच्चे ऐसे ही घायल हुए हैं। पतंगबाजी के दौरान चीनी मांझा 132 केवी और 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनों पर फंसने से न केवल बिजली आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि मानव जीवन के लिए भी यह घातक है। लाइनों की सुरक्षा के लिए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा उज्जैन में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें इसके खतरे और बचाव के उपायों के संबंध मे बताया जायेगा।

श्री भलावी के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में उज्जैन मे चीनी मांझे के कारण कई बार ट्रांसमिशन लाइनें ट्रिप हुई हैं। उज्जैन शहर क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में 132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों की कम से कम दो बार ट्रिपिंग के साथ विद्युत दुर्घटनाओं की घटनाएँ भी सामने आई हैं। विशेष रूप से पंवासा क्षेत्र से गुजरने वाली 132 केवी उज्जैन-रतड़िया और 132 केवी उज्जैन-भैरूगढ़ ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे और आसपास अवैध निर्माण पाए गए हैं। इन क्षेत्रों में लाइन के ठीक नीचे मकान बने होने से जोखिम और अधिक बढ़ गया है। प्रतापनगर, महावीरनगर, पंवासा, पांड्याखेड़ी, सेठीनगर और वागेश्वर धाम जैसे इलाके चीनी मांझे के कारण ट्रांसमिशन दुर्घटनाओं की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील माने गए हैं।

#### नागरिकों को करेंगे जागरूक

श्री भलावी ने बताया कि एमपी ट्रांसको द्वारा उज्जैन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके माध्यम से नागरिकों को ट्रांसमिशन लाइनों के आसपास पतंग न उड़ाने, चीनी मांझे का उपयोग न करने और विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। एमपी ट्रांसको ने नागरिकों से अपील की है कि ट्रांसमिशन लाइनों की सुरक्षा में सहयोग करें, क्योंकि थोड़ी-सी लापरवाही बड़े हादसे और व्यापक बिजली आपूर्ति बाधित होने का कारण बन सकती है।



#### इसलिए चीनी मांझा है खतरनाक-

एमपी ट्रांसको उज्जैन के कार्यपालन अभियंता धन सिंह भलावी ने बताया कि चीनी मांझा ट्रांसमिशन लाइन के लिए इसलिए खतरनाक होता है कि यह धात्विक लेप युक्त होता है जो विद्युत का अच्छा चालक होता है। जब यह एक्स्ट्रा हाई-वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों के संपर्क में आता है तो लाइन ट्रिपिंग, फ्लैशओवर और शॉर्ट सर्किट जैसी स्थितियाँ बन जाती हैं। इससे इंसुलेटर, जम्पर और कंडक्टर जैसे संवेदनशील उपकरण क्षतिग्रस्त होते हैं और पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो जाती है। साथ ही चीनी मांझा ट्रांसमिशन प्रणाली के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है।

## खबर एक नजर...

### ट्रेक्टर की टक्कर से कार डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

**मंदसौर।** जिले के दलोदा थाना क्षेत्र के सुमन स्कूल के थोड़े आगे कृषि उपज मंडी रोड दलोदा पर एक ट्रैक्टर के अज्ञात चालक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी, कार डिवाइडर से टकराकर पलटी खा गई। इस दुर्घटना में कार में सवार प्रकाश पिता रमेशचंद्र विश्वकर्मा उम्र ४२ साल निवास असावता की मृत्यु हो गई व अन्य लोगों को चोट आने से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा 17 दिसंबर की शाम करीब 7.30 बजे की है, पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी स्वराज ट्रैक्टर क्र. एमपी 14 जेडजी 8436 के अज्ञात चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125 (1), 106 (1) में प्रकरण दर्ज किया हैं।

### कबाड़ा व्यवसायी अपना व्यवसाय नगर के बाहर करें

**रतलाम।** नागरिकों के स्वास्थ्य, जानमाल एवं आगजनी की घटना के दृष्टिगत नगर के कबाड़ा व्यवसायियों को अपना व्यवसाय नगरीय क्षेत्र रतलाम के बाहर संचालित करने हेतु लगभग 100 कबाड़ा व्यवसायियों को अंतिम सूचना पत्र जारी किया गया है। नगर निगम द्वारा कबाड़ा व्यवसायियों को 3 दिवस में अपने व्यवसाय को रतलाम शहर से बाहर स्थापित करने हेतु अंतिम सूचना पत्र जारी किया है अन्यथा कबाड़े को जप्त कर कार्यवाही की जावेगी।

### मनासा में हुआ सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**मंदसौर-नीमच/** उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनासा नगर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना पैदा करती हैं और उन्हें लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाती हैं। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान से निकले खिलाड़ी जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं और समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं।

### महिला सिपाही ने चादर की आड़ में कराई डिलीवरी


**रतलाम।** गुजरात के वापी से यूपी के गाजीपुर की यात्रा कर रही एक महिला को ट्रेन में प्रसव पीड़ा हुई। ट्रेन के रतलाम पहुंचने पर इंजन के पास वाले जनरल कोच में यात्रियों ने शोर मचाया। ऑन ड्यूटी आरपीएफ की महिला हेड कॉन्स्टेबल शिवानी तुरंत कोच में पहुंचीं। उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए सुरक्षित डिलीवरी कराई। महिला ने बेटी को जन्म दिया है। कोच में किलकारी गूंजते ही यात्रियों ने राहत की सांस ली और एक-दूसरे को बधाई दी। हेड कॉन्स्टेबल शिवानी ने स्थिति को भांपते हुए सबसे पहले कोच से पुरुषों को वहां से अलग किया। इसके बाद महिला यात्रियों को साथ लिया और चादर व अन्य साधनों से आड़ करके महिला की डिलीवरी कराई।

# हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

पत्नी की हत्या के दोषी पति को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 3 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। आरोपी ने हत्या के बाद अपने मोबाइल पर गूगल पर सर्च किया था कि हत्या के सबूत कैसे मिटाए जाएं। प्रधान सत्र न्यायाधीश नीना आशापुरे ने इसी सर्च हिस्ट्री को अहम सबूत मानते हुए यह फैसला सुनाया है।

### शराब पीकर देर से आता था, पत्नी टोकती थी



जिला लोक अभियोजक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी राकेश (पिता कैलाश चौधरी) ग्राम झरसंदला, थाना बिलपांक का रहने वाला है। वह आदतन शराब पीता था और रात में देर से घर आता था। उसकी पत्नी बुलबुल इस बात को लेकर विरोध करती थी। रोज-रोज के विवाद से परेशान होकर राकेश ने पत्नी के साथ मारपीट की और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। कोर्ट ने उसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत दोषी ठहराया है। गूगल पर ढूंढी निशान मिटाने वाली क्रीम

हत्या करने के बाद आरोपी ने सबूत मिटाने के तरीके खोजने शुरू किए। उसने गूगल पर सर्च किया-क्या पीएम (पोस्टमार्टम) रिपोर्ट में गला दबाने के निशान आते हैं? अगर निशान आते हैं, तो उसे मिटाने के लिए बेस्ट क्रीम कौन सी है? पोस्टमॉर्टम में क्या गला फाड़ा जाता है? कोई चश्मदीद नहीं था, सर्च हिस्ट्री से फंसा

बिलपांक थाना निरीक्षक अयूब खान ने जब सख्ती से पूछताछ की, तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। हालांकि, घटना का कोई चश्मदीद गवाह नहीं था। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल की सर्च हिस्ट्री निकाली, जिसमें अपराध छिपाने के तरीके ढूंढे गए थे। साथ ही कोर्ट में यह साबित हुआ कि अंतिम बार पत्नी को आरोपी के साथ ही जीवित देखा गया था।

कोर्ट ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य और डिजिटल सबूतों (मोबाइल सर्चिंग) पर भरोसा जताते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से जिला लोक अभियोजक सुरेश कुमार वर्मा ने सफल पैरवी की।

# मनरेगा योजना के नाम परिवर्तन प्रस्ताव का कांग्रेस ने पैदल मार्च निकालकर किया विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म कर नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) करने के प्रस्ताव के विरोध में जिला कांग्रेस मंदसौर कमेटी ने पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा बचाओ देश बचाओ,महात्मा गांधी का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लगा कर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया ।




इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कानून था। जिसने करोड़ों ग्रामीण गरीबों, किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन परिवारों को हर वर्ष रोजगार का कानूनी अधिकार देकर उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की। श्री गुर्जर ने कहा कि यह केवल नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि योजना की मूल भावना को कमजोर करने की साजिश है और जिला कांग्रेस कमेटी पूरे जिले में ब्लॉकों व अनुषंगी संगठनों के माध्यम से शहर से लेकर गांव तक विरोध प्रदर्शन करेगी ।

पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल ने कहा कि वर्तमान मोदी सरकार द्वारा बिना किसी व्यापक विमर्श और जनहित की चर्चा के मनरेगा के स्वरूप में किए जा रहे बदलाव बेहद चिंताजनक हैं । इन बदलावों से योजना की मूल भावना कमजोर हो रही है और गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला किया जा रहा है । कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश रातडिया ने कहा कि वर्तमान बदलाव से मजदूरी भुगतान में देरी होगी, काम के दिनों में कटौती और बजट में कमी से ग्रामीण जनता सबसे अधिक प्रभावित होगी । कार्यक्रम संचालन सुनील गुप्ता ने किया व आभार मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री इष्टा भाचावत ने माना ।

प्रदर्शन में कांग्रेसजन परशुराम सिसोदिया, मनजीत सिंह टुटेजा, मो.हनीफ शेख, जगदीश धनगर, वीरेंद्र सिंह हाडा, विकास दशोरा, विजेश मालेचा, किशोर सिंह पंवार, सुरेश धाकड़, विनोद शर्मा, महेश पाटीदार, सत्यनारायण पाटीदार, हनुमंत सिंह राठौर, गोविंद सिंह पंवार, अजहर हयात मेव, कांतिलाल राठौर, ब्रह्मानंद पटीदार, अजय लोढ़ा, सुरेन्द्र कुमावत, दूल्हे सिंह दशोरिया,दूल्हे सिंह पंवार, राजनारायण लाड़, वहीद जैदी, निर्मल बसेर,लियाकत मेव,सुनील बसेर, राजेश फरक्या,लक्ष्मण मेघनानी, नागेश्वर चौहान,समरथ गुर्जर,फकीरचंद गुर्जर, कमलेश सोनी, दीपक सिंह गुर्जर,दिलीप देवड़ा, राघव सिंह शक्तावत, रूपल संचेती,राखी सत्रावाला,अनीता भदोरिया सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे ।

### अभिव्यक्ति स्थल पर लगने वाले जैविक हाट बाजार का हुआ शुभारंभ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को उनकी उपज के लिए उचित विपणन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाराणा प्रताप बस स्टैंड स्थित अभिव्यक्ति स्थल पर जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया गया। सांसद सुधीर गुप्ता ने फीता काटकर जैविक हाट बाजार का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, एसडीएम शिवलाल शाक्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं पत्रकार उपस्थित रहे। जैविक हाट बाजार प्रत्येक रविवार को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। इस हाट बाजार के माध्यम से मंदसौर जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक, कृषक समूह एवं स्व-सहायता समूह अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को विक्रय कर सकेंगे। यह पहल किसानों को सशक्त विपणन मंच प्रदान करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक एवं रसायन मुक्त उत्पाद उचित दरों पर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर जिले के 33 किसानों द्वारा जैविक उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। जैविक हाट में मटर, पालक, मेथी, टमाटर, हरा धनिया, मूंगफली, पपीता विक्रय हेतु उपलब्ध रहे।

# नए साल पर महाकाल मंदिर की दर्शन व्यवस्था ऐसी रहेगी

### गेट नंबर 1 शहनाई गेट की ओर शिफ्ट, प्रशासक ने नए प्रवेश और निर्गम गेट की व्यवस्था की भी समीक्षा की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में नववर्ष पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने प्रवेश व्यवस्था में बदलाव किया है। मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण भी इसे बदला गया है। नई व्यवस्था के चलते गेट नंबर एक अवंतिका द्वार को अब शहनाई गेट की ओर स्थानांतरित कर दिया गया है। श्रद्धालु अब इसी नए मार्ग से प्रवेश कर मंदिर में दर्शन कर सकेंगे। यह नई व्यवस्था ही लागू भी कर दी गई। अवंतिका द्वार को उसके वर्तमान स्थान से हटाकर शहनाई द्वार, पालकी निर्गम स्थल के पास स्थापित किया गया है। यहां से प्रवेश करने वाले श्रद्धालु फैसिलिटी सेंटर से होते हुए भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आगे बढ़ेंगे। साल 2025 के अंतिम दिनों के साथ ही नए साल 2026 के शुरूआती दिनों में लाखों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दरबार में दर्शन के लिए उमड़ने वाले हैं।

**नया दर्शन टिकट काउंटर भी शुरू-** मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बड़ा गणेश मंदिर के पास स्थित एंबुलेंस निर्गम द्वार पर एक नया शीघ्र दर्शन टिकट काउंटर भी शुरू किया गया है। यहां से श्रद्धालु 250 रुपए का टिकट लेकर प्रवेश कर सकेंगे। टिकटधारी श्रद्धालु गणेश मंडप से भगवान महाकाल के दर्शन कर निर्धारित निर्गम द्वार से बाहर निकलेंगे। नवीन प्रवेश द्वारों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लॉकर, जूता-स्टैंड और मेटिंग जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। दर्शन मार्ग को छोटा और सुगम बनाया गया है, जिससे भक्तों को शीघ्र और सहजता से दर्शन लाभ मिल सके।



### कलेक्टर और डीएफओ द्वारा महाकाल सांस्कृतिक वन का निरीक्षण किया गया

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं वन मंडल अधिकारी श्री अनुराग तिवारी द्वारा गत दिवस महाकाल सांस्कृतिक वन का निरीक्षण किया गया एवं पार्क का प्रस्?तावित लोकार्पण एवं उद्घाटन आगामी दिनों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा पौधा रोपण कार्य की प्रशंसा की गई। कलेक्टर एवं डीएफओ द्वारा सिंदूर के पौधे का रोपण भी किया गया।इस अवसर पर वन विभाग द्वारा नवाचार करते हुए अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से नहीं बल्कि पौधों से किया गया।

### बेटियों का सामुहिक विवाह करानें वालें सदर शोएब खान का सम्मान किया

**नीमच।** मंहगाई के इस दौर में गरीब माँ बाप को अपनी बेटी की शादी के लिए कर्जा लेकर अपनी बेटी की विदाई करता है।फिर उस कर्जे को चुकाते-चुकाते थक जाता है।क़र्ज़ा मांगने के दबाव के चलते कई बार कई बार इंसान मौत को गले लगा लेता है।ऐसे समय मैं अंजुमन सदर सदर शोएब खान निंबाहेड़ा का बड़े पीर की निस्बत से 11 रुपए व ख्वाजा गरीब नवाज की निस्बत मोहब्बत में मात्र 6 रुपये मैं गरीब बेटियों का सामुहिक विवाह कराकर गरीब माँ बाप को कर्जदार बनने से रोक रहे हैं।उक्त बात शैख सैय्यद पठान जिला कमेटी केसदर सलीम खान ने सम्मेलन आयोजन में अतिथि के रूप में कही।सामाजिक कार्यों व गरीब मजलूमों की मदद के लिए अंजुमन सदर शोएब खान व समाजसेवी अनीश खान देवल्दी,राजा खान का शैख सैय्यद पठान जिला कमेटी नीमच द्वारा हार पहनाकर ,शॉल उड़ाकर व साफा बांधकर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सदर सलीम खान,नायाब सदर (उपाध्यक्ष) बाबु भाई ठेकेदार, खजांची हयात खान ट्रैवल्स,संगठन मंत्री सैय्यद हसन अली चाचा, प्रचार मंत्री जुल्फिकार अली,डॉ. बसीम खान, मो.युनुस पठान, मीडिया प्रभारी आरिफ शैख,साबिर पठान,शकील खान नाका नम्बर 4 आदि मेम्बर उपस्थित थे।

## शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

खरगोन । राज्य शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने रविवार को ई.अटेंडेंस, पुरानी पेंशन योजना बहाली सहित शिक्षक संवर्ग की समस्याओं को लेकर विरोध के स्वर मुखर किए। जिला स्तरीय रैली निकालकर शिक्षकों ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया कि राज्य शिक्ष सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति एक जुलाई 2018 से की गई है, उस दिन के बादसे आज तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता न मिलने के कारण अनेक लाभों से वंचित हो रहे है। पुरानी पेंशन योजना बहाल कि जाए। मप्र के सरकारी विद्यालयों के शिक्षक नियमित रुप से विद्यालय जा रहे है, इसी का परिणाम है कि प्रावीण्य सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे अव्वल आरहे है। इसके बाद भी ई-अटेंडेंस जैसी व्यवस्थाएं शिक्षकों पर थोपे जा रहे है।

## संकुल केन्द्र नावरा में सांसद खेल महोत्सव का समापन हुआ

नेपानगर। संकुल केन्द्र नावरा में सांसद खेल महोत्सव का समापन हुआ। यह खेल महोत्सव 3 दिनों तक चला, जिसमें 33 शालाओं के 502 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान कबड्डी, खो खो, क्रिकेट, दौड़ और अन्य खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इन अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य किशन धानडे, मंडल अध्यक्ष छीतीज महाजन, यूराज पाटील, भारत सरपंच, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजानंद यादव, संतोष चौधरी, मुरली भाई और नितिन भाई शामिल थे। इस आयोजन में संकुल प्राचार्य डाबर सर, राजू पवार, नितिन पाटील, किशोर पाटील, अश्विन पाल, चंद्रभान पाटील, विजय चिरमाड़े और अन्य शिक्षकों ने सहयोग दिया।

## भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र-186 में बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

खरगोन। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री अनिल जैन के निर्देशन में 21 दिसम्बर को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 186 भगवानपुरा के समस्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विधानसभा क्षेत्र के 321 मतदान केंद्रों के बीएलओ उपस्थित रहे इस दौरान मास्टर ट्रेनर श्री मनोज बिल्लोरे, श्री यदुनंदन बड़ोले एवं श्री हबीबुल्ला खान ने आयोग के नवीन निर्देशानुसार फॉर्म नंबर ६ भरने की प्रक्रिया को बिंदुवार समझाया। उन्होंने बताया कि सभी नवीन मतदाताओं के लिए घोषणा फॉर्म भरना अनिवार्य है। इसी प्रकार फॉर्म नंबर 7 एवं 8 से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की गई। बीएलओ को निर्देश दिए गए कि वे 23 दिसंबर 2025 को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रकाशन करें। साथ ही दावे-आपत्ति की प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में श्री संजय चौहान एवं श्री पुनिया परमार एईआरओ एवं निर्वाचन शाखा प्रभारी श्री नितिन गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने किया कई विकास कार्यों का लोकार्पण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



मध्य प्रदेश शासन निरंतर प्रदेश के हर जिले हर विकासखंड से लेकर ग्राम ओर फलियों तक विकासकार्यों में निरंतर कार्यरत हैं। केंद्र एवं राज्य की सरकार का लक्ष्य प्रदेश में रहने वाले हर अंतिम छोर तक के रहवासियों को हर मौलिक सुविधाओं की उपलब्धता के लिए वचनबद्ध होकर सबका साथ सबका विकास नारे को चरितार्थ कर रही है। हम बिना पक्षकपात किए सिर्फ विकासकार्यों पर फोकस कर कार्यरत हैं। शासन ने जो वादे किए उनको हमने पूर्ण करते हुए क्षेत्र में वो सब कार्य कर दिए, जो ग्रामीण भाइयों बहनों की मांग थी। आगे भी विकासकार्यों का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा। यह बात कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने आज अपने प्रवास के दौरान कही।

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि आज कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा अपने जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रवास कर ग्रामीणों को कई सौगातें दी, जो सीधे तौर पर ग्राम के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करेंगी।

सर्वप्रथम कैबिनेट मंत्री श्री चौहान आजंदा पहुंचे जहा उन्होंने नवनिर्मित ही स्कूल भवन का अवलोकन किया। इस स्कूल भवन का लोकार्पण गत दिनों प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव द्वारा आलीराजपुर प्रवास के दौरान किया था। आज कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने इस नवीन भवन का अवलोक कर हाई स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित कर बच्चों को शिक्षा एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। जिसके पश्चात वहां कई बच्चों को साइकिल वितरित की, इससे बच्चों के चेहरे खिल गए। जहां से मंत्री श्री चौहान दिलवानी पहुंचे, जहां 173.25 लाख की लागत से बने हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया। जिसके बाद श्री चौहान ने ग्राम रावड़ी पहुंच कर ५.१४ लाख की लागत से स्थापित विद्युत डीपी का लोकार्पण कर ग्रामीणों की विद्युत संबंधित समस्याओं का समाधान किया। वहीं ग्राम पंचायत भोरदु के कुम्पाल फलिया दरकली पहुंचे और वहां भी 6.50 लाख रुपए लागत से स्थापित विद्युत डीपी का लोकार्पण कर ग्रामीणों को विद्युत वॉल्टेज संबंधित समस्याओं से निजात दिलवाया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी खरत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विक्रम भयड़िया, श्री सुरेश सस्तीया, प्रदीप सोलंकी, श्री मनसिंह, मांगीलाल रावत सहित सरपंच, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता द्वारा दी गई।

# मुख्यमंत्री 23 दिसम्बर को 260 करोड़ से बनने वाले मेडिकल कॉलेज समेत 346 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धार



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 दिसंबर को धार जिले के दौरे पर रहेंगे। वे पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान जिले में कुल ३४६ करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

**मेडिकल कॉलेज का होगा भूमि पूजन**

मुख्यमंत्री द्वारा 260 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन किया जाएगा। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई विकास कार्यों की शुरुआत और लोकार्पण भी किया जाएगा।

**इन विकास कार्यों का करेंगे शुभारंभ**

मुख्यमंत्री जिन प्रमुख कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण करेंगे, उनमें मेडिकल कॉलेज (260 करोड़), धरनाथ लोक (3 करोड़), गीता भवन (15 करोड़), माफीपुरा से आमल्या भैरू रोड (10 करोड़) और सीएम राइज स्कूल तिरला (40 करोड़) शामिल हैं। वहीं विधि महाविद्यालय, धार तरणताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आहू और मोहनपुरा भवन का लोकार्पण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए पंडाल, मंच, बैठक व्यवस्था और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। बैरिकेडिंग और पुलिस बल की तैनाती की गई है और प्रशासन लगातार तैयारियों की निगरानी कर रहा है। मुख्यमंत्री के इस दौरे से धार जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

## धारणी नगर पंचायत पर सुनील चौथमल अध्यक्ष निर्वाचित, शपथ लेंगे

नेपानगर। महाराष्ट्र की सियासत में आज का दिन काफी अहम है। स्थानीय निकाय चुनावों में बीजेपी की अगुवाई वाली महायुति सबसे आगे निकल गई है। महाराष्ट्र के



धारणी नगर पंचायत के लिए हुए चुनाव में भाजपा उम्मीदवार सुनील चौथमल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार को एक हजार के आसपास वोटो से परास्त कर दिया है। भाजपा नेता ओम चौकसे ने बताया कि महाराष्ट्र भाजपा पूरी रणनीति के साथ उम्मीदवार चयन से लेकर पूरे मसले पर सूक्ष्मता से देख रही थी। जीत के आसार दिखाई देने पर एनवक्त पर शिवसेना के जुझारू उम्मीदवार सुनील चौथमल को पार्टी में लाकर टिकट दिया पार्टी नेताओ के विश्वास पर खरा उतर जीत का शंख नाद करने वाले सुनील चौथमल ने आखिर पार्टी को जीत दिलाई जीत के रुझान आते ही आम जन चौथमल को बधाई देने वालो का तांता लगा रहा।

# देश में बहुत से राजनीतिक दल है लेकिन विचारधारा से काम करने वाली भाजपा है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मनावर

मध्य प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में सुशासन ,विकास और सेवा के २ वर्ष पूर्ण होने पर अभ्युदय मध्य प्रदेश में अपनी सेवा के 2 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिले के मनावर विधानसभा सम्मेलन में खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण शुभारंभ किया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता.स्द्रक्र प्रभारी हुकुमचंद गुप्ता कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि पहले हम हारने वाली पार्टी जीतने वाली पार्टी से पहले हम विजय जुलूस निकालते थे बाद में जीतने वाली पार्टी विजय जुलूस निकलते थे विचारधारा के विपरीत परिस्थितियों में भी हमारे कार्यकर्ताओं ने काम किया है बहुत से राजनीतिक दल है लेकिन विचारधारा से काम करने वाली हमारी भारतीय जनता पार्टी है।इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष में अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। प्रदेश भाजपा मंत्री जयदीप पटेल ने भी विकास की गति सेवा का संकल्प और संगठन की शक्ति इन मूल्यों के साथ संगठन का काम करने की बात कही। भाजपा (धार) ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने भाजपा धार ग्रामीण जिले में अब तक किए गए चार विधानसभा कुक्षी, मनावर ,गंधवानी, के संगठन द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी।

## चार्विक मेड़िकल खरगोन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बुरहानपुर। ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर ने 21 दिसंबर रविवार को चार्विक मेड़िकल खरगोन में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में मस्तिष्क एवं रीढ की हड्डी रोग और किडनी रोग से संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। शिविर में 51 से अधिक मरीजों ने अपना स्वास्थ्य जांच करवाया और चिकित्सकों से परामर्श लिया। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के



चिकित्सक डॉ. प्रवीण बोर्डे और डॉ. निखिल तारखेडे ने मरीजों की समस्याओं का निरीक्षण किया और उन्हें मौसमी विकारों से बचने के लिए आवश्यक सलाह दी। शिविर में सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जाँच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में और चार्विक मेड़िकल के सहयोग से इस स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

# डायनासोर से लेकर नर्सरी एवं बाग गुफाओं का हॉस्टल की छात्राओं को भ्रमण कराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग



बाग में अनुभूति कैम्प का आयोजन किया गया । प्रति वर्ष की तरह इस बार भी वन मंडलाधिकारी धार श्री विजयनॉथम टी आर के आदेशानुसार एवं उपवनमंडलाधिकारी सरदारपुर श्री संतोष रणछोरे के मार्गदर्शन में 19 एवं 20 तारीख को वन परिक्षेत्र बाग के द्वारा अनुभूति कैम्प का आयोजन किया गया।

वनपरिक्षेत्राधिकारी श्री होशियार सिंह कनौजे ने बताया कि शाबरी माता कन्या परिसर विद्यालय बाग एवं कस्तूरबा कन्या परिसर विद्यालय भमोरी की कुल 240 छात्राओं अलग-अलग दिवस में अनुभूति कैम्प का आयोजन किया गया। अनुभूति कैम्प में छात्रों को डायनोसॉर फॉसिल नेशनल पार्क एवं वन में भ्रमण कराया गया। कैम्प में छात्रों को प्रकृति को प्रत्यक्ष रूप से करीब से जाने का मौका मिला। मास्टर ट्रेनर श्री गौड़ ने छात्रों को वन औषधि , वनों से मिलने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभों के बारे में ,पर्यावरण में वन्य प्राणी के महत्व और वन विभाग की कार्य क्षेत्र बारें बताया वहीं वनरक्षक विजयेन्द्र पाल अजनारिया ने डाइनोसॉर फॉसिल के बारे में विद्यार्थियों को बताया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को वन विभाग के द्वारा पेन , झोला एवं अनुभूति की पुस्तकें वितरित वन अधिकारी एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप मे आए सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया द्वारा की गई। कैम्प में भाषण , कविता एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराएगा जिसमें विजेताओं को प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। कैम्प में स्वल्पाहार एवं भोजन की रखा गया । सम्पूर्ण कार्यक्रम का छायांकन वनरक्षक राजेश गुंजाल एवं भारत रावत के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में वनपाल राजेश यादव ,सुनील बघेल ,श्री वाणी , राठौड़ जी देवी सिंह बघेल सुरपाल सिसोदिया , बहादुर रन्दा , मुकेश डावर, श्रीमती वास्केल , रिकाम चौहान , धरम सौलंकी एवं समस्त स्टॉफ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। आयोजन के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों , वन समिति के अध्यक्ष एवं मीडिया कर्मियों को भी निमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में वाहन व्यवस्था कंप्यूटर ऑपरेटर नवल चौहान द्वारा की गई। कार्यक्रम के समापन पर रेंज क्लर्क चित्रलेखा द्वारा आभार व्यक्त किया



## जया जी के पास आपके मोबाइल का पासवर्ड है

### कार्तिक आर्यन ने पूछा सवाल तो अमिताभ बच्चन ने कहा- पागल हो

टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 में बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे गेस्ट बनकर पहुंचेंगे। दोनों शो में अपनी आने वाली फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के प्रमोशन के लिए आएंगे। यह एपिसोड आज रात 9 बजे आएगा। उससे पहले शो का प्रोमो सोशल मीडिया पर सामने आया है।

प्रोमो में दिखा कि शो के एक सेगमेंट के दौरान कार्तिक और अनन्या, होस्ट अमिताभ बच्चन से उनकी प्राइवेट लाइफ से जुड़े कुछ सवाल पूछते हैं। इसी बातचीत के दौरान कार्तिक, जया बच्चन को लेकर भी कुछ सवाल किए। शो में कार्तिक पूछते हैं कि क्या जया जी के पास अमिताभ बच्चन के मोबाइल का पासवर्ड है? यह सवाल सुनते ही बिग बी हंस पड़ते हैं और मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, पागल हो क्या, हम उन्हें बता देंगे? उनके इस जवाब पर स्टूडियो में मौजूद सभी लोग हंसने लगते हैं। शो में फिटनेस को लेकर भी बातचीत होती है। कार्तिक आर्यन बताते हैं कि वह अपने मन का खाना नहीं खा पाते और जो मिलता है, उसी से संतोष कर लेते हैं। उन्होंने मजाक में कहा कि कई बार बाहर से बर्गर मिलता है, लेकिन अंदर सलाद होता है। अनन्या पांडे भी उनकी बात से सहमति जताती हैं। यह सुनकर अमिताभ बच्चन हैरानी जताते नजर आते हैं। बता दें कि फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो 25 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# भीड़ में फंसीं निधि अग्रवाल

### कार तक पहुंचना हुआ मुश्किल, परेशान नजर आईं फिल्म द राजा साब की अभिनेत्री





एक्ट्रेस निधि अग्रवाल बुधवार को हैदराबाद में अपनी आने वाली फिल्म द राजा साब के गाने सहाना सहाना के लॉन्च इवेंट में शामिल हुई थीं। जब वह कार्यक्रम से बाहर निकलने लगीं, तो बेकाबू भीड़ ने उन्हें घेर लिया। यहां तक कि उनकी कार तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया। ऐसी स्थिति में वह काफी घबराई हुई नजर आईं। उनके बाउंसर ने मुश्किल से उन्हें भीड़ से बाहर निकाला। वहीं कार में बैठने के बाद भी निधि अग्रवाल परेशान नजर आईं। इस वीडियो पर कई फैंस और इंटरनेट यूजर्स ने चिंता जताई है। सिंगर चिन्मयी श्रीपदा ने भी भीड़ के व्यवहार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने पर लिखा, लकड़बग्घों से भी बदतर बर्ताव करने वाले पुरुषों का झुंड। वैसे लकड़बग्घों का अपमान क्यों करें। ऐसे एक जैसे सोच वाले पुरुषों को जब भीड़ में इकट्ठा कर दिया जाता है, तो वे किसी महिला को इसी तरह परेशान करते हैं। कोई भगवान इन्हें उठाकर किसी और ग्रह पर क्यों नहीं भेज देता? एक यूजर ने लिखा, यह देखना परेशान करने वाला है। सेलेब्रिटीज भी सम्मान और प्राइवेट स्पेस के हकदार हैं।

### निधि ने करियर की शुरूआत 'मुन्ना माइकल' से की थी

निधि अग्रवाल ने अपने करियर की शुरूआत 2017 में हिंदी फिल्म मुन्ना माइकल से की थी। इस फिल्म में उन्होंने टाइगर श्रॉफ के अपोजिट काम किया था। इसके बाद उन्होंने तेलुगु सिनेमा में कदम रखा। उनकी पहली तेलुगु फिल्म सव्यसाची (2018) थी। वहीं उन्हें खास पहचान आई-स्मार्ट शंकर (2019) से मिली। इसके अलावा उन्होंने तेलुगु फिल्म हरि हर वीरा मल्लू और तमिल फिल्म ईश्वरन में भी काम किया है। अब वह हॉरर-कॉमेडी फिल्म द राजा साब में नजर आएंगी। फिल्म द राजा साब के डायरेक्टर मारुति दासारी हैं। इसमें प्रभास और निधि अग्रवाल के अलावा संजय दत्त, मालविका मोहनन और रिद्धि कुमार भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी को रिलीज होने वाली है।



## कथित धोखाधड़ी केस को लेकर शिल्पा शेट्टी का बयान

### कहा- बिना किसी आधार के उनका नाम इस केस से जोड़ा जा रहा है

60 करोड़ रुपए के कथित धोखाधड़ी मामले को लेकर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर आधिकारिक बयान जारी कर जवाब दिया है। शिल्पा ने कहा कि मैं इस बात से बेहद दुखी हूं कि बिना किसी आधार के मेरा नाम इस मामले से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित कंपनी से उनका जुड़ाव केवल नॉन-एग्जीक्यूटिव लेवल का था और कंपनी के आपरेशन, फाइनेस, डिसेजन मेंकिक या किसी भी तरह की साइनिंग अथॉरिटी में उनका कोई रोल नहीं रहा है।

शिल्पा ने अपने बयान में यह भी कहा कि उन्होंने एक होम शॉपिंग चैनल के लिए कुछ प्रोडक्ट्स केवल प्रोफेशनल एंडोर्समेंट के तौर पर किए थे, जिनकी पेमेंट आज तक उन्हें नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि परिवार की ओर से करीब 20 करोड़ रुपए कंपनी को लोन के रूप में दिए गए थे, जो अब तक वापस नहीं किए गए हैं। एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि लगभग नौ साल की देरी के बाद उन्हें इस मामले में घसीटना कानूनी तौर पर टिकाऊ नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप एक महिला की गरिमा और इमेज को नुकसान पहुंचाते हैं। शिल्पा ने यह भी कहा कि भगवद गीता में कहा गया है कि जब अन्याय का विरोध करना आपका कर्तव्य हो और आप ऐसा न करें, तो वह भी अधर्म है। एक्ट्रेस ने बताया कि बॉम्बे हाई कोर्ट में क्वैशिंग पिटीशन दाखिल की जा चुकी है और उन्हें न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है। साथ ही उन्होंने मीडिया से तथ्य जांच कर जिम्मेदारी से रिपोर्टिंग करने की अपील की है।

# साउथ इंडियन फिल्म सेट पर राधिका आप्टे के साथ हुआ था भयानक बर्ताव

भारतीय सिनेमा जगत में अपनी बेबाक अदाकारी और लीक से हटकर किरदार चुनने के लिए मशहूर अभिनेत्री राधिका आप्टे ने हाल ही में अपने करियर के शुरूआती दिनों के उन काले पन्नों को पलटा है, जिन्हें सुनकर किसी का भी दिल दहल जाए। फिल्म इंडस्ट्री में दो दशक का लंबा सफर तय कर चुकीं राधिका आज भले ही उस मुकाम पर हैं जहां वह अपनी शर्तों पर काम चुनती हैं, लेकिन 'स्क्रीन' के विशेष कार्यक्रम 'क्रिएटर एक्स क्रिएटर' में उन्होंने उन कड़वे अनुभवों को साझा किया जो उनके लिए किसी सदमे से कम नहीं थे। राधिका ने बेहद भारी मन से बताया कि दक्षिण भारतीय फिल्मों के सेट पर उनके शुरूआती दिन 'ट्रॉमेटिक' यानी मानसिक रूप से बेहद कष्टकारी थे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वह कभी नहीं चाहेंगी कि दुनिया की कोई भी महिला उस स्थिति का सामना करे जिससे उन्हें गुजरना पड़ा था। यह खुलासा न केवल मनोरंजन जगत के चकाचौंध के पीछे छिपी लैंगिक संवेदनहीनता को उजागर करता है, बल्कि यह भी बताता है कि एक उभरती हुई अभिनेत्री के लिए यह राह कितनी कांटों भरी हो सकती है।



राधिका ने उस दौर की एक बेहद शर्मनाक और आपत्तिजनक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक दक्षिण भारतीय फिल्म के सेट पर उनसे उनके शरीर की बनावट को लेकर अनुचित मांग की गई थी। अभिनेत्री के मुताबिक, उन्हें अपने स्तनों और कूल्हों पर अतिरिक्त 'पैडिंग' लगाने के लिए कहा गया ताकि वह पर्दे पर एक खास तरीके से दिख सकें। उस समय की स्थिति को याद करते हुए उन्होंने बताया कि वह पूरे सेट पर अकेली महिला थीं और पुरुषों के उस वर्चस्व वाले माहौल में इस तरह की मांग ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया था। 2000 के दशक के उत्तरार्ध में जब वह इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थीं, तब इस तरह के लैंगिक भेदभाव और शारीरिक दिखावे के दबाव ने उन्हें मानसिक रूप से काफी आहत किया। राधिका का कहना है कि आज भले ही वह ऐसी बातों पर कड़ा रुख अपना सकती हैं, लेकिन उस समय एक नए कलाकार के तौर पर ऐसी परिस्थितियों से लड़ना और खुद को सुरक्षित महसूस करना लगभग असंभव सा था।

सिर्फ दक्षिण भारत ही नहीं, राधिका ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के कुछ 'बड़े नामों' पर भी परोक्ष रूप से निशाना साधा है। उन्होंने बताया कि अपने करियर के शुरूआती दिनों में उन्हें हिंदी सिनेमा के कुछ अत्यंत प्रभावशाली और बड़े फिल्मकारों की ओर से काम के प्रस्ताव मिले थे। हालांकि, जब वह उनसे मिलने पहुंचीं और उनके काम करने के तौर-तरीकों तथा उनके व्यवहार को देखा, तो वह दंग रह गईं। राधिका ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि वे लोग 'भयानक' थे। उन्होंने दो टूक शब्दों में यह तय कर लिया कि चाहे कुछ भी हो जाए, वह इन 'बड़े लोगों' के साथ कभी काम नहीं करेंगी। अभिनेत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि यदि वह आज उन दिग्गजों के नाम सार्वजनिक कर दें, तो लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेंगे और यकीन नहीं कर पाएंगे कि बाहर से सम्मानित दिखने वाले ये चेहरे असल में अंदर से कितने खोखले हैं।



### अब समय बदल रहा है और उनके पास वह शक्ति है

राधिका आप्टे का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पूरी दुनिया में कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर बहस छिड़ी हुई है। उनके इस खुलासे ने एक बार फिर फिल्म सेट पर 'पॉश' नियमों की प्रभावशीलता और वहां के माहौल पर सवाल खड़े कर दिए हैं। राधिका मानती हैं कि अब समय बदल रहा है और उनके पास वह शक्ति है कि वह गलत के खिलाफ आवाज उठा सकें, लेकिन उनका संघर्ष उन अनगिनत युवतियों के लिए एक चेतावनी भी है जो इस ग्लैमर की दुनिया में कदम रख रही हैं। यह पूरी रिपोर्ट उस कड़वी हकीकत को बयां करती है कि सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए एक अभिनेत्री को न केवल अपनी प्रतिभा साबित करनी पड़ती है, बल्कि उसे पितृसत्तात्मक सोच और अपमानजनक मांगों के खिलाफ एक लंबी और थका देने वाली वैचारिक लड़ाई भी लड़नी पड़ती है।



## भारत 191 रन से हारा, समीर मिन्हास का शतक, मोहसिन नकवी ने ट्रॉफी सौंपी

# पाकिस्तान ने दूसरी बार U-19 एशिया कप जीता




**ब्रह्मास्त्र ⏩ दुबई**

पाकिस्तान ने दूसरी बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने रविवार को खेले गए फाइनल में भारत को 191 रन से हरा दिया। दुबई के आईसीसी एकेडमी में पाकिस्तान ने समीर मिन्हास की शानदार पारी के दम पर भारत के सामने 348 रन का बड़ा लक्ष्य रखा।

जवाब में भारतीय टीम 26.2 ओवर में 159 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ओपनर वैभव सूर्यवंशी 26 रन ही बना सके। दीपेश देवेंद्रन ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से अली रजा ने 4 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सैय्याम, हुजैफा अहसान और अब्दुल सुभान को 2-2 विकेट मिले।

एशियन क्रिकेट काउंसिल और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने विजेता पाकिस्तान टीम और उनके कप्तान को ट्रॉफी सौंपी। सीनियर टीम के एशिया कप में विजेता भारतीय टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से मना कर दिया था। वह ट्रॉफी अब तक टीम इंडिया को नहीं मिली है।

इससे पहले भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पाकिस्तान ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 347 रन बनाए। टीम के लिए समीर मिन्हास ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने 113 गेंदों पर 172 रन की दमदार पारी खेली। अहमद हुसैन ने 56 रन का योगदान



दिया। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन ने 3 विकेट लिए, जबकि खिलन पटेल और हेनिल पटेल को 2-2 विकेट मिले। कनिष्क चौहान ने एक विकेट हासिल किया।

**अंडर-19 एशिया कप फाइनल में दूसरी सबसे बड़ी हार-** अंडर-19 एशिया कप फाइनल के इतिहास में भारत को दूसरी सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी है। इससे पहले 2023 के फाइनल में बांग्लादेश ने वअए को 195 रन से हराया था, जो टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीत भी है।

**समीर टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर-** समीर मिन्हास टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 5 मैचों में 471 रन बनाए और 157.00 की शानदार औसत से स्कोर किया। इस दौरान वे 2 बार नाबाद रहे, उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 177 रन रहा। उन्होंने 2 शतक और 1 अर्धशतक भी जड़ा। भारत के लिए विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 5 मैचों में 276 रन बनाए। बेस्ट स्कोर नाबाद 209 रहा।

**दीपेश देवेंद्रन ने सबसे ज्यादा विकेट लिए-** अंडर-19 एशिया कप 2025 में दीपेश देवेंद्रन सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 5 मैचों में 14 विकेट झटके। बेस्ट 5/22 का रहा। दीपेश ने 11.92 की औसत और 4.77 की इकोनॉमी रेट से बॉलिंग की। पाकिस्तान की ओर से अब्दुल सुभान ने भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 4 मैचों में 13 विकेट लिए। मोहम्मद सैय्याम ने 5 मैचों में 10 विकेट चटकाए।

**दोनों टीमों की प्लेइंग- भारतः** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, आरोन जॉर्ज, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन कुमार सिंह और हेनिल पटेल।

**पाकिस्तानः** फरहान यूसुफ (कप्तान), समीर मिन्हास, उस्मान खान, अहमद हुसैन, हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसन, नकाब शफीक, मोहम्मद शायान, अली रजा, अब्दुल सुभान, मोहम्मद सैय्याम ।

## सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास

### बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मेंस डबल्स जोड़ी बने



**ब्रह्मास्त्र ⏩ नई दिल्ली**

पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। उन्होंने लीग मैच में मलेशिया की मौजूदा वर्ल्ड नंबर-2 जोड़ी आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर पहली बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ सात्विक और चिराग सीजन के आखिरी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी बन गई।

हांगझू के ओलिंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में खेले गए इस मुकाबले में सात्विक-चिराग को पहला गेम गंवाना पड़ा। इसके बाद उन्होंने वापसी की और 70 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 21-18, 21-15 से जीत दर्ज की। मलेशियाई जोड़ी पेरिस ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता है।

अब तक सिर्फ सिंधु ने खिताब जीता अब तक साल के अंत में होने वाले बीडब्ल्यूएफ फाइनल्स में भारत की मौजूदगी सीमित रही है। पीवी सिंधु इकलौती भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने 2018 में यह खिताब जीता था। साइना नेहवाल 2011 में फाइनल तक पहुंची थीं, जबकि डबल्स में ज्वाला गुट्टा और वी दीजू 2009 में फाइनल खेले थे। सेमीफाइनल में चीनी जोड़ी भिड़ेंगे अब शनिवार को सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग का सामना चीनी जोड़ी लियांग वेइ केंग और वांग चांग से होगा, जो ओलिंपिक सिल्वर मेडल विजेता हैं। ग्रुप मैच में भी भारतीय जोड़ी ने इन्हें हराया था।

# 2 साल बाद टी-20 वर्ल्डकप में ईशान किशन की वापसी

### फिल्म धुरंधर के 'रहमान डकैत' की स्टाइल में डांस वायरल, लगावेलू जब लिपिस्टिक गाने पर झूमे

**ब्रह्मास्त्र ⏩ पटना**

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। पटना के ईशान किशन की वापसी हुई है। ईशान किशन 2 साल से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे थे। 2 दिन पहले ईशान किशन की कप्तानी में झारखंड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी।

भारतीय टीम में सिलेक्शन होने के बाद ईशान किशन पटना पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि, बहुत अच्छा लग रहा है। टी-20 वर्ल्ड कप में अच्छा खेलेंगे। इधर, ईशान का फिल्म धुरंधर के 'रहमान डकैत' की स्टाइल में डांस वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि झारखंड की जीत के बाद ईशान ने ये डांस मूव दिखाए थे। इसके साथ ही लगावे लू जब लिपिस्टिक गाने पर भी वे झूमते दिख रहे हैं।

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पुणे में खेले गए फाइनल में 49 गेंदों पर 101 रन की पारी खेलकर झारखंड को पहली बार चैंपियन बनाया। ईशान मौजूदा सीजन में मुश्ताक अली ट्रॉफी के टॉप स्कोरर रहे, जहां उन्होंने 10 मैचों में 197.32 के स्ट्राइक रेट से 517 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 2 शतक और 2 अर्धशतक निकले।



### शुभमन गिल बाहर, ईशान किशन की वापसी

- पहले भारतीय टीम में उनकी जगह अभी पक्की नहीं मानी जा रही थी। ओपनर की पोजिशन के लिए अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और संजू सैमसन को मजबूत दावेदार माना जा रहा था।
- इसके अलावा ईशान करीब दो साल से टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे, जिससे उनके चयन की राह काफी मुश्किल थी।
- ऐसे में उन्हें मौका तभी मिलता, जब शुभमन गिल खराब परफॉर्मेंस के चलते बाहर होते। हालांकि, शुभमन गिल अब बाहर हो गए हैं, जिसकी वजह से ईशान किशन को मौका मिला।
- झारखंड टीम ने पहली बार टी-20 फॉर्मेट के डोमेस्टिक टूर्नामेंट का टाइटल जीता। भारतीय विकेटकीपर ईशान किशन की कप्तानी वाली झारखंड की टीम ने हरियाणा को 69 रन के अंतर से हराया। दोनों टीमें पहली बार फाइनल मैच खेल रहीं थी।

# इंडिया विमेंस ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराया



**ब्रह्मास्त्र ⏩ विशाखापट्टनम**

इंडिया विमेंस ने टी-20 सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 8 विकेट से हरा दिया। विशाखापट्टनम में रविवार को भारत ने बॉलिंग चुनी। श्रीलंका विमेंस 6 विकेट खोकर 121 रन ही बना सकी। इंडिया विमेंस ने 15वें ओवर में महज 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। जेमिमा रोड्रिग्ज ने फिफ्टी लगाई, वहीं स्मृति मंधाना ने 25 रन बनाए।

श्रीलंका की 3 बैटर्स रन आउट हुईं डॉ वायएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी श्रीलंका विमेंस ने तीसरे ही ओवर में कप्तान का विकेट गंवा दिया। चमारी अटापट्टू 15 रन बनाकर आउट हुईं, उन्हें क्रांति गौड़ ने बोल्ड किया। विष्मी गुणारत्ने ने फिर हसिनी परेरा के साथ टीम को 50 रन के करीब पहुंचाया। हसिनी 20 रन बनाकर आउट हुईं। हर्षिता समरविक्रमा ने फिर टीम को 100 रन के करीब पहुंचाया, लेकिन वे 21 रन बनाकर आउट हो गईं। दीप्ति शर्मा और श्री चरणी ने भी 1-1 विकेट लिया। विष्मी 39 रन बनाकर रन आउट हो गईं। उनके बाद निलाक्षी डी सिल्वा और कविषा दिलहारी भी रन आउट हो गईं। श्रीलंका ने 121 रन बनाने में 6 विकेट गंवा दिए।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्माः 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबरः 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

सौर ऊर्जा अब

## चार घंटे का ईंधन नहीं



### हम दुनिया को देंगे सस्ती-स्वच्छ ऊर्जा', बोले मुकेश अंबानी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

रिलायंस के मुखिया मुकेश अंबानी ने बताया नए भारत का भविष्य। उन्होंने कहा कि हम दुनिया को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा का रास्ता दिखाएंगे। वे क्या-क्या बोले जानिए।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने भारत के ऊर्जा भविष्य और 'न्यू इंडिया' की बदलती तस्वीर पर बड़ा बयान दिया है। मुंबई में आयोजित एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने देश में ग्रीन एनर्जी की संभावनाओं और युवाओं की आकांक्षाओं पर खुलकर बात की। ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति की तैयारी मुकेश अंबानी ने संकेत दिया कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दहलीज पर खड़ा है। सौर ऊर्जा को लेकर पारंपरिक सोच को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा, ...हम स्थानीय ऊर्जा समस्याओं को सुलझाने के बेहद करीब हैं। सौर ऊर्जा का उपयोग अब केवल चार घंटे के ईंधन के रूप में नहीं किया जाएगा। हम सौर ऊर्जा का उपयोग उन समस्याओं को हल करने के लिए कर सकते हैं जिनसे भारत लंबे समय से जूझ रहा है। भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए आरआईएल चेयरमैन ने कहा कि रिलायंस न केवल भारत, बल्कि दुनिया के अधिकांश हिस्सों के लिए एक मिसाल पेश करेगा। उन्होंने कहा, हम रास्ता दिखाएंगे कि कैसे ग्रीन और क्लीन एनर्जी को प्रचुर मात्रा में और किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जा सकता है। मुकेश अंबानी ने अपने पिता और रिलायंस के संस्थापक धीरूभाई अंबानी को याद करते हुए कंपनी के मूल उद्देश्य के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, मेरे पिता, धीरूभाई ने रिलायंस की स्थापना इसी एकमात्र उद्देश्य के साथ की थी कि हमें भारत के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

बैंकों से कर्ज की मात्रा पर आई नई रिपोर्ट, जानिए इसमें क्या दावा

# एमएसएमई क्षेत्र को मिले अधिक ऋण

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश में बैंक ऋण विस्तार में माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज की भूमिका लगातार मजबूत होती जा रही है। एक्सिस बैंक की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल के वर्षों में एमएसएमई सेक्टर बैंक कर्ज बढ़ोतरी का अहम चालक बनकर उभरा है, जिसे मजबूत नीतिगत समर्थन, सरकार की क्रेडिट गारंटी योजनाओं और उद्यम पंजीकरण के जरिए बढ़ते औपचारिकीकरण से बल मिला है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में गैर-खाद्य बैंक ऋण में हुई कुल बढ़ोतरी का 22 प्रतिशत हिस्सा अकेले एमएसएमई सेक्टर का रहा। इसके साथ ही कुल गैर-खाद्य बैंक ऋण में एमएसएमई की हिस्सेदारी बढ़कर 18 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो भारत की बैंकिंग प्रणाली में इस क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दशार्ता है।

एक्सिस बैंक ने बताया कि एमएसएमई को कर्ज देने में आई इस स्थिर बढ़ोतरी के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं। इनमें अपेक्षाकृत कम ब्याज दरें, सरकार द्वारा दी जा रही क्रेडिट लॉस गारंटी और बैंकों द्वारा तकनीक आधारित, डेटा-ड्रिवन अंडरराइटिंग का बढ़ता इस्तेमाल प्रमुख है।

कनाडा और अमेरिका अपने मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा को लेकर जनवरी के मध्य में औपचारिक बातचीत शुरू करेंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के कार्यालय ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, अमेरिका-कनाडा व्यापार संबंधों के लिए कनाडा के प्रमुख प्रतिनिधि डोमिनिक लेब्लांक जनवरी के मध्य में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात कर औपचारिक चर्चा की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्नी ने गुरुवार को कनाडा के प्रांतों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वाताओं की प्रगति से उन्हें अवगत कराया। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा व्यापार समझौता वर्ष 2026 में समीक्षा के लिए निर्धारित है।

यूएमएसएमसीए को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान बातचीत कर लागू किया था। इस समझौते में 2026 में इसके पुनर्मूल्यांकन या संभावित पुनर्विचार का प्रावधान रखा गया है। कनाडा दुनिया के सबसे अधिक व्यापार-निर्भर देशों में से एक है और उसके कुल निर्यात का 75 फीसदी से अधिक हिस्सा अमेरिका को जाता है। हालांकि, मौजूदा वरटउअ के तहत अमेरिका को होने वाले अधिकांश कनाडाई निर्यात शुल्क से मुक्त हैं।

**पैक्स सिलिका से बाहर होने पर बोले सज्जन जिंदल, घरेलू खनन पर जोर-** अमेरिका के नेतृत्व वाली ह्यपैक्स सिलिका पहलह्न से भारत को बाहर रखे जाने के कुछ दिनों बाद जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने शुक्रवार को देश में खनिजों, खासकर रेयर अर्थ तत्वों के घरेलू अन्वेषण पर अधिक ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के पास रेयर अर्थ खनिजों का पर्याप्त भंडार है, लेकिन अब तक इस दिशा में गंभीरता से काम नहीं किया गया। 23 अरब डॉलर के जेएसडब्ल्यू समूह का नेतृत्व कर रहे जिंदल ने कहा कि हमारे देश में रेयर अर्थ खनिजों की कोई कमी नहीं है। लेकिन हमने इनके अन्वेषण और विकास पर पर्याप्त मेहनत नहीं की। इसी वजह से हम अब तक अपनी खनिज संपदा का पूरा लाभ नहीं उठा पाए। उन्होंने कहा कि चीन से मिले हालिया झटके के बाद अब देश इस दिशा में गंभीरता से आगे बढ़ रहा है। जिंदल के मुताबिक, मौजूदा हालात ने यह साफ कर दिया है कि रेयर अर्थ जैसे रणनीतिक खनिजों के मामले में आत्मनिर्भरता बेहद जरूरी है।



### तकनीकी खराबी के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस की विशाखापत्तनम जाने वाली उड़ान रद्द

गन्नावरम एयरपोर्ट से विशाखापत्तनम जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान 18 दिसंबर की रात टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी पाए जाने के कारण रद्द कर दी गई। एयरपोर्ट अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। उड़ान में कई वीआईपी यात्री भी सवार थे, जिनमें पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, आंध्र प्रदेश के कृषि मंत्री के. अच्चेन्नायडू और वाईएसआरसीपी के वरिष्ठ नेता बी. सत्यनारायण शामिल थे। विजयवाड़ा एयरपोर्ट के निदेशक लक्ष्मीकांत रेड्डी ने बताया कि विमान रनवे की ओर टैक्सी कर रहा था, तभी इंजन में समस्या का पता चला। इसके बाद विमान को वापस बे तक लाया गया और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उड़ान रद्द करने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि यह तकनीकी खराबी गुरुवार रात करीब 8:30 बजे सामने आई। इस बीच, एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि इंजन से जुड़ी समस्या का पता उड़ान के प्रस्थान से पहले ही लगा लिया गया था, जिसके बाद सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उड़ान को रद्द किया गया।

### जापान की मित्सुबिशी श्रीराम फाइनेंस में खरीदेगी 20% हिस्सेदारी, 39618 करोड़ रुपये में सौदा

जापान की मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप इंक यानी एमयूएफजी भारत की एनबीएफसी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड में 20 प्रतिशत अल्पसंख्यक हिस्सेदारी खरीदेगी। यह सौदा 39,618 करोड़ रुपये यानी लगभग 4.4 बिलियन डॉलर में हो रहा है। भारत के वित्तीय क्षेत्र में सीमा पार से किया गया यह अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। श्रीराम फाइनेंस ने एक बयान में कहा, एमयूएफजी तरजीही इक्विटी शेयरों के माध्यम से अल्पसंख्यक हिस्सेदारी हासिल करेगी। बयान में कहा गया है कि एमयूएफजी बैंक के साथ निश्चित समझौतों पर हस्ताक्षर से भारत के ऋण और वित्तीय सेवा क्षेत्र के मूलभूत सिद्धांतों और भविष्य की विकास क्षमता में विश्वास मजबूत होता है, साथ ही इससे एसएफएल का पूंजी आधार भी मजबूत होगा और इसकी विकास गति में तेजी आएगी। कंपनी ने कहा एमयूएफजी बैंक की ओर से प्रस्तावित निवेश शेयरधारकों की मंजूरी, नियामक स्वीकृतियों और प्रथागत समापन की शर्तों के अधीन है। बयान में कहा गया है, यह सहयोग एसएफएल की स्थापित घरेलू फ्रेंचाइजी और व्यापक वितरण नेटवर्क को एमयूएफजी बैंक की वैश्विक विशेषज्ञता और वित्तीय मजबूती के साथ जोड़ता है। इस निवेश से एसएफएल की पूंजी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, इसकी बैलेंस शीट मजबूत होगी और कंपनी को लंबे समय में विकास के लिए पूंजी मिलेगी। इसमें कहा गया है कि इस साझेदारी से प्रौद्योगिकी, नवाचार और ग्राहक जुड़ाव में तालमेल बढ़ने और सतत विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

### महाराष्ट्रः कल्याण आरटीओ ने उबर के खिलाफ मामला दर्ज किया

बाइक टैक्सी चालक द्वारा एक महिला यात्री से कथित छेड़छाड़ के बाद, कल्याण उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने बिना लाइसेंस के सेवाएं प्रदान करने के आरोप में राइड-हेलिंग कंपनी उबर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। दो दिन पहले दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के अनुसार, उबर कथित तौर पर महाराष्ट्र परिवहन विभाग से आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना कल्याण में यात्री सेवाएं संचालित कर रहा था। कंपनी ने इस मामले में फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि जनवरी 2025 से, कंपनी और उसके निदेशकों ने सेवा प्रावधान लाइसेंस प्राप्त किए बिना अपने वित्तीय लाभ के लिए ऑनलाइन एप्लिकेशन (एप) का उपयोग किया है, अवैध रूप से यात्रियों का परिवहन किया है और सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया है।

# निर्यात में वृद्धि के बावजूद चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ सकता है', जानें रिपोर्ट में क्या दावा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

जीटीआरआई की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में चीन को भारत के निर्यात में तेज लेकिन अस्थिर बढ़ोतरी देखी गई है। नवंबर में निर्यात सालाना आधार पर करीब 90% बढ़कर 2.2 अरब डॉलर पहुंचा और अप्रैल-नवंबर के दौरान कुल निर्यात 33% बढ़कर 12.2 अरब डॉलर रहा।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, चीन को भारत के निर्यात में इस साल तेज लेकिन अस्थिर बढ़ोतरी के बावजूद दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा और गहराने की आशंका है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर 2025 में भारत का चीन को निर्यात सालाना आधार पर करीब 90 फीसदी बढ़कर 2.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वहीं अप्रैल से नवंबर 2025 के दौरान कुल निर्यात 33 फीसदी बढ़कर 12.2 अरब डॉलर रहा। हालांकि यह बढ़ोतरी व्यापक आधार पर नहीं, बल्कि कुछ चुनिंदा उत्पादों तक सीमित रही।



रिपोर्ट के अनुसार, निर्यात में इस उछाल का सबसे बड़ा कारण नेफ्था रहा। अक्तूबर में नेफ्था का निर्यात पांच गुना से ज्यादा बढ़ा, जबकि अप्रैल-अक्टूबर के दौरान इसमें 172 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 1.4 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह वृद्धि चीन में पेट्रोकेमिकल फीडस्टॉक की मजबूत मांग को दर्शाती है। इसके अलावा प्रिंटेड सर्किट बोर्ड और मोबाइल फोन कंपोनेंट्स जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के निर्यात में भी असाधारण उछाल देखा गया, जबकि भारत इन्हीं उत्पादों का चीन से बड़ा आयातक बना हुआ है। इसके उलट, पारंपरिक निर्यात उत्पादों का प्रदर्शन कमजोर और अस्थिर रहा। अप्रैल-अक्टूबर के दौरान लौह अयस्क (आयरन ओअर) के निर्यात में करीब 30 फीसदी की गिरावट आई, जबकि झींगा निर्यात में केवल मामूली बढ़त दर्ज की गई। जीटीआरआई ने कहा कि चीन को भारत के शीर्ष तीन निर्यात नेफ्था, आयरन ओअर और झींगा में साल-दर-साल तेज उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। यह चीन की मांग के चक्र से ज्यादा जुड़ा है, न कि किसी स्थिर या विविध निर्यात रणनीति से।

### चीन से होने वाले आयात का 80 फीसदी हिस्सा इन क्षेत्रों से

रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यात में हालिया तेजी के बावजूद चीन से भारत का आयात लगातार बढ़ रहा है। अनुमान है कि 2025 में चीन से आयात 123.5 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जिससे भारत का द्विपक्षीय व्यापार घाटा रिकॉर्ड 106 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। वहीं, चीनी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार यह घाटा 115 अरब डॉलर से भी अधिक हो सकता है। जीटीआरआई के मुताबिक, भारत के चीन से होने वाले आयात का करीब 80 फीसदी हिस्सा इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, ऑर्गेनिक केमिकल्स और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है। अकेले इलेक्ट्रॉनिक्स आयात जनवरी से अक्तूबर 2025 के दौरान 38 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो चीन पर भारत की सप्लाई-चेन निर्भरता को दर्शाता है। रिपोर्ट ने भारत और चीन के व्यापार आंकड़ों में लगातार बने अंतर पर भी चिंता जताई। इसमें कहा गया कि भारत द्वारा रिपोर्ट किया गया आयात, चीन द्वारा बताए गए निर्यात से कम है, जो असामान्य है और अंडर-इनवॉयसिंग की संभावना की ओर इशारा करता है।

विश्व बैंक ने पाकिस्तान पर फिर दिखाई दरियादिली

# 70 करोड़ डॉलर की मदद को मंजूरी

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान पर विश्व बैंक ने एक बार फिर मेहरबानी दिखाई है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान की व्यापक आर्थिक स्थिरता और सेवा क्षेत्र की मजबूती 70 करोड़ डॉलर की सहायता को मंजूरी दे दी है।

वैश्विक ऋणदाता के अनुसार बैंक के समावेशी विकास के लिए सार्वजनिक संसाधन (पीआरआईडी-एमपीए) के तहत धनराशि जारी की जाएगी। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि विश्व बैंक ने 1.35 अरब डॉलर तक का वित्तपोषण प्रदान कर सकती है। इस राशि में से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर संघीय कार्यक्रमों के लिए और 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर सिंध में एक प्रांतीय कार्यक्रम के समर्थन में खर्च किए जाएंगे। यह मंजूरी अगस्त में पंजाब में प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए विश्व बैंक की ओर से दिए गए 47.9 मिलियन डॉलर के अनुदान के बाद मिली है।

विश्व बैंक की पाकिस्तान के लिए कंट्री डायरेक्टर बोलोरमा अमगाबाजार ने कहा, पाकिस्तान के समावेशी और टिकाऊ विकास के मार्ग के लिए अधिक घरेलू संसाधनों को जुटाना और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि लोगों के लिए परिणाम देने के लिए उनका कुशलतापूर्वक और पारदर्शी रूप से उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा, एमपीए के जरिए बैंक संघीय और सिंध सरकारों के साथ मिलकर ठोस प्रभाव प्रदान करने के लिए काम कर रहा है- स्कूलों और क्लीनिकों के लिए अधिक अनुमानित वित्त पोषण, अधिक निष्पक्ष कर प्रणाली और निर्णय लेने के लिए मजबूत डेटा- साथ ही प्राथमिकता वाले सामाजिक और जलवायु निवेशों की रक्षा करना और जनता के विश्वास को मजबूत करना। विश्व बैंक के पाकिस्तान के लिए प्रमुख देश अर्थशास्त्री तोबियास अख्तर हक ने कहा कि पाकिस्तान की राजकोषीय नींव को मजबूत करना मैक्रोइकॉनॉमिक स्थिरता को बहाल करने, परिणाम देने और संस्थानों को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा, पीआरआईडी-एमपीए के माध्यम से, हम राजकोषीय गुंजाइश बढ़ाने, मानव पूंजी और जलवायु लचीलेपन में निवेश को बढ़ावा देने और राजस्व प्रशासन, बजट निष्पादन और सांख्यिकीय प्रणालियों को मजबूत करने वाले सुधारों का समर्थन करने के लिए एक सुसंगत राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण शुरू कर रहे हैं।

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव, NDA को 207 सीटें: भाजपा सबसे ज्यादा 117

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को बंपर जीत हासिल हुई है। 288 सीटों (246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों) के रिजल्ट में महायुति को 207 सीटों पर जीत मिली। रविवार रात तक स्टेट इलेक्शन कमीशन ने फाइनल रिजल्ट जारी कर दिए।

गठबंधन में भाजपा 117 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 53 सीटें, NCP अजित को 37 सीटें मिलीं। वहीं, विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन 44 सीटों तक सीमित रहा।

इसमें कांग्रेस कांग्रेस को 28 सीटें मिलीं, जबकि शरद पवार की NCP को केवल 7 और शिवसेना (UBT) को 9 सीटें हासिल हुईं। 32 सीटें अन्य को मिली हैं।

गढ़चिरौली में वार्ड नंबर 4 में बीजेपी उम्मीदवार संजय मंडवगड़े केवल एक वोट से चुनाव हार गए। लास्ट काउंटिंग के बाद उन्हें 716 वोट मिले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी श्रीकांत देशमुख को 717 वोट मिले। दरअसल, महाराष्ट्र की 288 नगर परिषदों और नगर पंचायत के लिए दो चरणों में चुनाव हुआ था। पहले चरण में 2 दिसंबर को 263 निकायों में मतदान हुआ था। बाकी 23 नगर परिषदों और कुछ खाली पदों पर 20 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। धुले की डोंडाइचा नगर परिषद और सोलापुर की उंगर नगर पंचायत में अध्यक्ष और सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हुआ था। जलगांव जिले की जामनेर नगर परिषद में भी अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला नहीं हुआ था। तीनों पदों पर भाजपा ने निर्विरोध जीत हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महायुति को समर्थन देने के लिए महाराष्ट्र के मतदाताओं का धन्यवाद किया और इसे विकास पर जनता के भरोसे से जोड़ा।

### गृहमंत्री और बीजेपी अध्यक्ष ने कार्यकताओं को बधाई दी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिणामों को सुशासन और विकास की राजनीति की जीत बताया। इखढ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने इसे ऐतिहासिक सफलता कहा और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार और प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को बधाई दी।

बच्चों की संख्या तय नहीं लेकिन 3 आदर्श

# भागवत बोले- लिव-इन में रहने वाले जिम्मेदारी नहीं निभाते: शादी शारीरिक संतुष्टि का जरिया नहीं

### भागवत बोले- संघ को बीजेपी के चश्मे से देखना गलत:

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले लोग जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि परिवार, शादी, सिर्फ शारीरिक संतुष्टि का जरिया नहीं है। यह समाज की एक इकाई है।

भागवत ने आगे कहा कि परिवार वह जगह है जहां एक व्यक्ति समाज में रहना सीखता है। लोगों के मूल्य वहीं से आते हैं। उन्होंने रविवार को कोलकाता में ॠर के कार्यक्रम में यह बात कही। परिवार के बारे बात करते हुए भागवत ने कहा कि बच्चों की निश्चित संख्या या शादी की उम्र तय करने का कोई फॉमूर्ला नहीं है, लेकिन रिसर्च से पता चलता है कि तीन बच्चे आदर्श हो सकते हैं, और शादी 19 से 25 साल की उम्र के बीच की जा सकती है।

कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अंडमान और निकोबार के लेफ्टिनेंट गवर्नर एडमिरल (रिटायर्ड) डीके जोशी भी मौजूद थे। भागवत ने कहा कि परिवार इकाई संस्कृति, अर्थव्यवस्था का संगम है और कुछ मूल्यों को अपनाकर समाज को आकार देती है।

भागवत ने कहा कि बच्चों की निश्चित संख्या या शादी की उम्र तय करने का कोई फॉमूर्ला नहीं है, लेकिन रिसर्च से पता चलता है कि तीन बच्चे आदर्श हो सकते हैं, और शादी 19 से 25 साल की उम्र के बीच की जा सकती है।

कितने बच्चे होने चाहिए, यह परिवार में तय होता है। पति और पत्नी, और समाज। कोई फॉमूर्ला नहीं दिया जा सकता। मैंने डॉक्टरों वगैरह से बात करके कुछ ज्ञान प्राप्त किया है और वे कहते हैं कि अगर शादी जल्दी, 19-25 साल की उम्र के बीच होती है, और तीन बच्चे होते हैं, तो माता-पिता और बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

भारतीय जनसंख्या को प्रभावी ढंग से प्रबंधित नहीं किया गया है। हमने आबादी को प्रभावी ढंग से मैनेज नहीं किया है। आबादी एक बोझ है, लेकिन यह एक संपत्ति भी है।

हमें अपने देश के पर्यावरण, इंफ्रास्ट्रक्चर, सुविधाओं, महिलाओं की स्थिति, उनके स्वास्थ्य और देश की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 50 साल के अनुमान के आधार पर एक पॉलिसी बनानी चाहिए। डेमोग्राफर कहते हैं कि अगर जन्म दर तीन से कम हो जाती है, तो आबादी घट रही है, और अगर यह 2.1 से कम हो जाती है, तो यह खतरनाक है। अभी, हम सिर्फ बिहार की वजह से 2.1 पर हैं; नहीं तो, हमारी दर 1.9 है। भागवत ने कहा कि अभी लोगों के मन में ॠर की धारणा सही हो गई है, लोग समझ रहे हैं कि संगठन हिंदुओं की सुरक्षा की वकालत करता है, और कट्टर राष्ट्रवादी है, लेकिन मुस्लिम विरोधी नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि संगठन लोगों के मन से किसी भी गलत धारणा को दूर करने की कोशिश करेगा, लेकिन जो सीखना नहीं चाहता, उसकी मदद नहीं की जा सकती।

भागवत ने कोलकाता में कहा कि संघ को इखढ के लेंस से देखने की कोशिश न करें। संघ सिर्फ एक सर्विस ऑर्गनाइजेशन नहीं है। संघ को समझना है तो संघ को ही देखना पड़ता है।

भागवत ने कहा कि बहुत से लोगों की प्रवृत्ति रहती है कि संघ को इखढ के चश्मे से समझना। यह बहुत बड़ी गलती होगी। संघ को देखकर नहीं समझ सकते, उसे अनुभव करना पड़ेगा। भागवत का यह बयान तब आया है, जब जर्मनी में राहुल गांधी ने उन्हें लेकर कहा था, 'ॠर चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच नहीं, ताकत महत्वपूर्ण है।' संघ के 100 साल पूरे होने पर कोलकाता, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं। भागवत ने कोलकाता के इवेंट में हिंदुओं, राजनीति और संघ के कामों पर बात रखी।

राहुल गांधी ने पिछले दिनों जर्मनी की राजधानी बर्लिन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चीफ मोहन भागवत की आलोचना करते हुए एक बयान दिया था। राहुल ने कहा था- ॠर चीफ खुले तौर पर कह रहे हैं कि सच्चाई का कोई महत्व नहीं है, ताकत महत्वपूर्ण है। इसलिए यही उनमें और हममें अंतर है।

## फास्टैग से पार्किंग से लेकर पेट्रोल तक का होगा पेमेंट




केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय फास्टैग को मल्टीपर्पस बनाने की तैयारी में है। इसके तहत अब पार्किंग से लेकर पेट्रोल तक का पेमेंट फास्टैग से कर सकेंगे।

इसके लिए छह महीने से जारी ट्रायल सफल रहा है। इसका उद्देश्य है कि फास्टैग का उपयोग सिर्फ टोल भुगतान तक सीमित न रहे, बल्कि यात्रा के दौरान सड़क से इतर मिलने वाली सुविधाओं के भुगतान में भी हो।

अधिकारियों ने कहा- इससे डिजिटल फ्रॉड की आशंका कम होगी। यूजर फास्टैग को वॉलेट की तरह इस्तेमाल कर सकेंगे, जिससे धोखाधड़ी की स्थिति में नुकसान कम हो।

किन सुविधाओं के लिए होगा इस्तेमाल

इस बदलाव को लेकर फिनटेक कंपनियां, पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स, बैंक और टोल ऑपरेटर्स की बैठक हो चुकी है। इसमें इन चीजों के लिए सहमति बनी-

टोले पेट्रोल पंप
ईवी चार्जिंग, फूड आउटलेट
वाहन मेंटेनेंस, सिटी एंट्री चार्ज
यात्रा के दौरान अन्य सुविधाओं का भुगतान

पहाड़ी राज्यों में तेज बर्फबारी, कश्मीर जाने के 2 रास्ते ब्लॉक; हिमाचल में तापमान -2.4° रिकॉर्ड

# मध्यप्रदेश-यूपी, हरियाणा में घने कोहरे का अलर्ट





### भोपाल-इंदौर में भी कड़ाके की सर्दी का दौर; 16 जिलों में आज भी कोहरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने सोमवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा समेत देश के 22 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट है। मध्य प्रदेश, यूपी, राजस्थान में सुबह के वक्त विजिविलिटी 10 से 50 मीटर के बीच रह सकती है। कई इलाकों में 10 मीटर से भी कम रहने का अनुमान है।

इधर, पहाड़ी राज्यों में तेज बर्फबारी शुरू हो गई है। 21 दिसंबर से जम्मू-कश्मीर में तेज सर्दी के 40 दिन का दौर चिल्लई कलां शुरू हुआ है। पहले दिन राज्य के ऊंचाई वाले जिलों में जमकर बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में 1 फीट तक बर्फबारी हुई।

कश्मीर को जोड़ने वाले दो रास्ते मुगल रोड और सिंथन टॉप रोड बर्फबारी के कारण बंद किए गए। पीर की गली इलाके में बर्फबारी के कारण फंसे 3 चाय बेचने वालों को पुलिस और बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (इफ्ङ) ने रेस्क्यू किया। श्रीनगर में खराब मौसम के कारण इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 फ्लाइट रद्द की गईं। हिमाचल में इस साल का दिसंबर सबसे सूखा रहा, क्योंकि बारिश नहीं हुई। लगातार सूखे मौसम और मिनिमम टेम्परेचर बढ़ने से गेहूं, जौ, सरसों, मटर और चना की फसलों की बुआई में देरी हो रही है। लाहौल-स्पीति जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई। यहां के कुकुमसेरी में तापमान -2.4त्उ रिकॉर्ड हुआ। मध्यप्रदेश में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का दौर जारी है। पूरा उत्तरी हिस्सा कोहरे की चपेट में है। रविवार को ग्वालियर-चंबल समेत आधे प्रदेश में घना और मध्यम कोहरा रहा। वहीं, शहडोल का कल्याणपुर पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा है। शनिवार-रविवार की रात यहां न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस रहा था। सोमवार की सुबह 16 जिलों में कोहरे का असर देखा जा रहा है। इस वजह से दिल्ली से आने वाली ट्रेनों पर भी असर पड़ा है। हिमालयी क्षेत्र में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) आगे बढ़ गया है। इस वजह से फिर से सर्द हवाएं चलने लगी हैं। वहीं, कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग पर बर्फबारी हो रही है।

## जाहिर सूचना का खण्डन

सर्व साधारण एवं श्री कैलाश जोशी एडवोकेट 11/2 डाबरी पीठा तिलक मार्ग गली नंबर 2 उज्जैन द्वारा उनके पक्षकार की ओर से एक जाहिर सूचना दिनांक 8-12-25 को प्रेषित की गई जिसका खण्डन किये जाने हेतु मेरे पक्षकार ने मुझे अधिकृत किया है आप महाशय ने जाहिर सूचना में यह सूचित किया कि श्रीमती ललिता हाडा पति स्व. अनिरूद्ध हाडा निवासी 115 चन्द्रशेखर उज्जैन को उत्तराधिकार से प्राप्त मकान म्यु, नंबर 3/1077 पुराना नंबर 4544 वर्तमान म्यु. नंबर 115 सत्यनारायण मंदिर के सामने दानीगेट दरवाजा चन्द्रशेखर आजाद मार्ग उज्जैन में स्थित जिसका कुल क्षेत्रफल 115 वर्गमीटर तथा भवन चार मंजिला जी प्लस 3 पक्का आरसीसी एवं आरबीसी की छत का मिक्स बना हुआ जो मुख्य मार्ग पर आवासीय सह व्यवसायिक क्षेत्र में स्थित होकर तल भूमि एवं संपूर्ण निर्माण हवाई हक सहित फ्रीहोल्ड राईड्स का है जिसकी पैमाईश पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर दक्षिण 16 फीट 9 इंच पूर्व पश्चम बरफ दक्षिण 17 फीट उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व 78 फीट 1 इच उत्तर दक्षिण बतरफ पश्चिम 72 फीट 4 इंच कुल क्षेत्रफल 115 वर्गफीट का उल्लेख कर भवन की चतुसीमा पूर्व की तरफ मकान मुलचंदजी रामा नारायण का, पश्चिम की तरफ वर्तमान में हाडाजी का मकान जो पूर्व मे बाडा व मकान कृष्णकांत ब्राहम्ण का था उत्तर की तरफ बंद गली दक्षिण की तरफ वर्तमान मे आम रास्ता जो पूर्व में पक्का ओटला व सीढिया बात मे आम रास्ता जो दानी दरवाजे की तरफ जाता था, गलत चतुसीमा एवं पैमाईश का उल्लेख कर जाहिर सूचना का प्रकाशन करावाया गया है जाहिर सूचना में आम रास्ता उल्लेखित किया गया है वह आम रास्ता न होकर मेरे पक्षकार के भवन कमांक 4543 नया नंबर 3/1076 वर्तमान म्यु.नंबर 114/1 मे जाने का व्यक्तिगत रास्ता है तथा मेरे पक्षकार ही उक्त रास्ते का उपयोग एवं उपभोग पुराने समय से करते चले आ रहे है। उक्त रास्ते से श्रीमती ललिता हाडा पति स्व. अनिरूद्धजी हाडा का कभी भी आना जाना नही रहा है। भवन कमांक 115 का रास्ता पीछे की तरफ बंद गली से अर्थात उत्तर दिशा की ओर से है। अतः जाहिर सूचना का खण्डन प्रस्तुत कर निवेदन है कि आपके पक्षकार को सझाईश देवें कि वह वर्तमान भवन क्रमांक 115 मुख्य मार्ग ढाबा रोड पर मेरे पक्षकार के व्यक्तिगत रास्ते को आम रास्ता समझकर कय न करे क्योकि उक्त रास्ते का संपूर्ण स्वत्वाधिकार एवं हित मेरे पक्षकार मे निहित है जिसे किसी भी प्रकार से विक्रय अंतरण आदि करने का अधिकार श्रीमती ललिता पति स्व. अनिरूद्ध हाड़ा को प्राप्त नही है सूचित हो। 22-12-2025

**आर.के. बाकलिया एड.**
**2/1 गौराना पैलेस ढाबा रोड उज्जैन**

## एपस्टीन के ठिकाने पर भारतीयों के जाने का सबूत नहीं

# अमेरिकी डेटा कंपनी की रिपोर्ट में खुलासा, एपस्टीन के ज्यादातर मेहमान अमेरिकी

ब्रह्मास्त्र ›› ब्रिसबेन

अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने शुक्रवार रात जेफ्री एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़े तीन लाख दस्तावेज जारी किए, जिसमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन, हॉलीवुड एक्टर क्रिस टकर जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आईं।

रिलीज से पहले एपस्टीन फाइल्स में कई भारतीयों के नाम आने की भी चचाएं थीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने भी कहा था कि एपस्टीन फाइल्स में कई भारतीय दिग्गजों के नाम सामने आएंगे, लेकिन अब तक हुए खुलासों में किसी भारतीय के एपस्टीन आइलैंड जाने या एपस्टीन से मिलने का संकेत नहीं मिला है।

अमेरिकी न्यूज वेबसाइट ह्यवायर्डह्ण की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी रक्षा मंत्रालय से जुड़ी डेटा ट्रैकिंग कंपनी ह्यनियर इंटेलिजेंसह्ण ने 2016 से 2019 तक का डेटा जुटाया है। इसमें एपस्टीन के लिटिल सैंट जेम्स आइलैंड जाने वाले 200 लोगों के मोबाइल फोन का डेटा ट्रैक किया गया।

ट्रैकर का डेटा बताता है कि इन 4 साल में एक भी भारतीय एपस्टीन आइलैंड नहीं गया। नियर इंटेलिजेंस ने इन 200 लोगों की पूरी जानकारी जुटाई। मसलन वे कहां से आए, आइलैंड में किस जगह सबसे ज्यादा समय बिताया और वापस कहां गए? भारतीय डेटा प्रोटेक्शन कानून इतने सख्त नहीं हैं। नियर इंटेलिजेंस ने दावा किया था कि उसके पास 44 देशों के 16 करोड़ लोगों का डेटा है, जिनमें बेंगलुरु जैसे शहरों के यूजर्स का डेटा भी शामिल है। यानी अपने सर्वर की मदद से भारत के किसी भी शहर के यूजर्स का डेटा हासिल कर सकता है।




### क्या यूरोपीय देशों से कोई एपस्टीन आइलैंड नहीं गया?

रिपोर्ट में खंगाले गए मोबाइल फोन डेटा में एक भी डेटा प्वाइंट यूरोप का नहीं मिला, जबकि 19 सितंबर देर रात जारी हुई तस्वीरों में ब्रिटिश प्रिंस एंड्र्यू की तस्वीरें भी नजर आए हैं। इसके अलावा पीड़िताओं के बयानों और कोर्ट डॉक्युमेंट्स में ये बात भी सामने आ चुकी है कि यूरोपीय देश फ्रांस की राजधानी पेरिस में मॉडलिंग एजेंसी चलाने वाले जीन-ल्यूक ब्रुनेल कई बार एपस्टीन आइलैंड गए थे। दरअसल, यूरोप का एक भी डेटा प्वाइंट सामने न आने की वजह यूरोप के सख्त प्राइवेसी प्रोटेक्शन कानून है, जिनके चलते यूरोपीय यूजर्स का पर्सनल डेटा ट्रैक किया जाना मुश्किल है।

### नियर इंटेलिजेंस के डेटा के अहम फैक्ट्स

2008 में एपस्टीन पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज होने के बाद भी उसके आइलैंड पर मेहमानों की आवाजाही कम नहीं हुई। आइलैंड पर आने वाले ज्यादातर मेहमान अमेरिकी मूल के थे, जो फ्लोरिडा, मैसाचुसेट्स, टैक्सास, मिशिगन और न्यूयॉर्क जैसे राज्यों से आते थे। मेहमान आइलैंड पर अपना ज्यादातर समय दो जगहों पर बिताते थे। पहला- एपस्टीन के मुख्य मेंशन पर, दूसरा- हिलटॉप पर बनी ह्यटेंपल साइटह्ण पर। ये वही टेंपल साइट है, जहां एपस्टीन पर नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगते आए हैं। एपस्टीन के मेहमान आइलैंड से लौटने के बाद, मार्था वाइनयार्ड, मियामी नाइटक्लब जैसी जगहों पर गए, जिनकी गिनती अमेरिका के महंगे क्लबों में होती है। इससे मेहमानों के अमीर होने की बात की बात कही जा रही है। रिपोर्ट में ट्रम्प टावर के पास की लोकेशन भी मिली है, जबकि ट्रम्प की ओर से ये दावा किया गया था कि वे 2008 में जेफ्री पर मुकदमा दर्ज होने के बाद उससे नहीं मिले।एपस्टीन आइलैंड पर अमेरिका के अलावा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटिश केमैन आइलैंड और यूक्रेन की राजधानी कीव से भी विजिटर आते थे। रपोर्ट के मुताबिक, इन 4 सालों में आइलैंड पर भारत से कोई भी नहीं पहुंचा और न ही आइलैंड से लौटकर कोई भारत गया।



(मैप प्रतीकात्मक है) | सोर्स - नियर इंटेलिजेंस

# न्यूजीलैंड में सिख नगर कीर्तन का विरोध क्यों हुआ:विरोधी गुट का नेता बोला- सड़कें बंद कीं

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड में सिखों के नगर कीर्तन का रास्ता रोकने के बाद पंजाब में आक्रोश फैला हुआ है। पंजाब में इसका विरोध हो रहा है। जिसके बाद नगर कीर्तन का विरोध करने वाले गुट के नेता ब्रायन टमाकी सामने आए हैं। टमाकी ने इस हंगामे के बाद विरोध करने की वजह बताई। टमाकी ने कहा कि हमें न्यूजीलैंड की सड़कों पर खालिस्तानी झंडे लहराने पर आपत्ति है। हम जानते हैं कि खालिस्तानी सिख नहीं हैं। भारत ने इनको आतंकवादी घोषित कर रखा है। अब ये हमारी धरती का यूज कर रहे हैं। हमें सिखों से आपत्ति नहीं हैं, लेकिन हम न्यूजीलैंड को न्यूजीलैंड रहने देना चाहते हैं। यहां के स्थानीय सभ्याचार को इनसे खतरा पैदा हो गया है। हालांकि इस विरोध को लेकर पंजाब से भी तीखे रिएक्शन आए। उट भगवंत मान से लेकर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ने भी इसे निंदनीय करार दिया।



## रूस ने अमेरिका और यूक्रेन के साथ त्रिपक्षीय बातचीत की खबर को खारिज किया

रूस ने यूक्रेन और अमेरिका के बीच त्रिपक्षीय बातचीत की संभावना को खारिज कर दिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने रूसी सरकारी मीडिया को बताया कि फिलहाल ऐसी कोई बैठक आयोजित नहीं की जा रही है। रूसी विदेश मंत्रालय का ये बयान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के शनिवार को दिए बयान के बाद आया। जेलेंस्की ने कहा था कि अमेरिका ने रूस और यूक्रेन के बीच त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन की पेशकश की है। इस बैठक में ट्रम्प, पुतिन और जेलेंस्की शामिल होंगे। अमेरिका की इस पेशकश पर जेलेंस्की ने कहा कि अगर कैदियों की अदला-बदली को लेकर तीनों देशों के नेताओं के बीच बातचीत हो सकती है, तो यूक्रेन इसके लिए तैयार है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प युद्ध खत्म कराने के लिए बड़े स्तर पर कूटनीतिक कोशिशें कर रहे हैं। अमेरिका और रूस के बीच पिछले एक साल से बातचीत जारी है। रूसी अधिकारी किरील दिमित्रिएव ने शनिवार को मियामी में कहा कि बातचीत सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ रही है।

## दक्षिण अफ्रीका में शराबखाने के पास मास शूटिंग, 10 की मौत, 10 घायल

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हमले का मकसद फिलहाल स्पष्ट नहीं है। गौतेंग प्रांत की पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर ब्रेंडा मुरीडिली ने बताया कि कुछ पीड़ितों को सड़कों पर अचानक गोली मारी गई। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। यह गोलीबारी बेकर्सडाल के एक शराबखाने के पास हुई। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश जारी है। यह इस महीने दक्षिण अफ्रीका में दूसरी बड़ी गोलीबारी की घटना है। इससे पहले 6 दिसंबर को राजधानी प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में हुई फायरिंग में 12 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें एक तीन साल का बच्चा भी शामिल था। पुलिस के मुताबिक, उस हॉस्टल में अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी। 6.3 करोड़ की आबादी वाले दक्षिण अफ्रीका में अपराध की दर बेहद अधिक है और यह दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां हत्या की दर सबसे ज्यादा है।

## जेलेंस्की बोले- जमीन नहीं छोड़ेंगे

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की अमेरिका की तीन-पक्षीय वार्ता प्रस्ताव पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को कहा कि अगर बातचीत से कैदियों की अदला-बदली हो सकती है या राष्ट्रीय नेताओं की बैठक का रास्ता साफ होता है, तो यूक्रेन इस प्रस्ताव का समर्थन करेगा।

# बांग्लादेश में हिंदू रिक्शा चालक से मारपीट, कलावा पहना था: 3 दिन पहले भीड़ ने ईशनिंदा के झूठे आरोप में हिंदू युवक की हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› ढाका

बांग्लादेश के पश्चिमी जिले झेनाइदह में शुक्रवार को एक हिंदू रिक्शा चालक के साथ भीड़ ने मारपीट की। आरोप है कि उसके हाथ में कलावा देखकर लोगों ने उसे निशाना बनाया।

पीड़ित की पहचान गोविंदा बिस्वास के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मौके पर यह अफवाह फैल गई कि वह भारत की खुफिया एजेंसी रॉ (फ&अह) से जुड़ा है। इसके बाद भीड़ तेजी से बढ़ी और उसे पीटना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि हमले में कुछ स्थानीय मौलवी भी शामिल थे। घटना झेनाइदह के मेट्रोपॉलिटन ऑफिस के पास हुई। बाद में पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई। उसका रिक्शा बाद में अलग पुलिस टीम ने बरामद किया। झेनाइदह सदर थाना प्रभारी एमडी शमसुल



अरेफिन ने बताया कि भीड़ के बीच फंसने के कारण पीड़ित को तुरंत हटाना जरूरी था। अधिकारियों के मुताबिक, पीड़ित की मां के थाने पहुंचने के बाद उसे सुरक्षित छोड़ दिया गया।

बांग्लादेश में गुरुवार देर रात हिंसक प्रदर्शनकारियों के हमले में मारे गए हिंदू युवक के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है।

दावा किया जा रहा था कि मृतक दीपू चंद्र दास ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी। लेकिन अब जांच में ऐसी किसी टिप्पणी के सबूत नहीं मिले हैं। बांग्लादेश की रैपिड एक्शन बटालियन के कंपनी कमांडर मोहम्मद शम्सुज्जमान ने बांग्लादेशी अखबार ह्यद डेली स्टारह्ण को बताया कि ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह कहा जा सके कि दास ने फेसबुक पर कुछ ऐसा लिखा था जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती थीं।


### सहकर्मियों को भी ईशनिंदा की जानकारी नहीं

हमले में मारे गए 25 साल के दीपू चंद्र दास ढाका के नजदीक भालुका में एक कपड़ा कारखाने में काम करते थे। इसी कारखाने की बाहर उनकी हत्या की गई थी।
शम्सुज्जमान ने बताया कि स्थानीय लोगों और कपड़ा कारखाने में दास के साथ काम करने वालों से भी ईशनिंदा करने से जुड़ी कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं मिला है जिसने दावा किया हो कि उसने स्वयं ईशनिंदा जैसा कुछ ऐसा सुना या देखा है जिससे धर्म को ठेस पहुंची हो। बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक, दास के शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी थी। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लोग 'अल्लाह-हू-अकबर' के नारे लगाते दिख रहे हैं।


### बांग्लादेशी लेखिका बोलीं-

दीपू की हत्या पर बांग्लादेश से निर्वासित लेखिका तसलीमा नसरीन ने कहा कि उसे झूठी अफवाह फैलाकर मारा गया। उन्होंने  पर लिखा


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 1 | | | |
| 9 | | | | 4 | | 1 | | 3 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | |
| 2 | | | | | 7 | 9 | | 1 |
| | 9 | 7 | | 6 | | 3 | | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | | 4 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 4 | 5 |
| 6 | | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | | | | |
| 7 | | ■ | 8 | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. 1. समझ; बुद्धि; अकल 2. ज्ञान; विद्या 3. तमीज।
4. 1. ईंट का भट्ठा 2. भाड़।
6. न्यायालय या किसी कार्यालय में अभिलेखों की देखभाल करने वाला कर्मचारी या अधिकारी; (रिकॉर्ड कीपर)।
7. हठ करने वाला; जिद्दी; दुराग्रही; टेकी।
8. 1. धनुष; कमान; चाप 2. धनुर्धर 3. (ज्योतिष) बारह राशियों में से एक; (सैगिटेरिअस) 4. रेतीला तट 5. (ज्योतिष) फलित ज्योतिष में एक लग्न।

**ऊपर से नीचे**

2. एक ही महल्ले में रहने वालों में होने वाला आपसी बरताव या लेन-देन।
3. 1. करूणामय कृपा; अनुग्रह 2. दया 3. हमदर्दी; (कंपैशन)।
5. 1. कहकर मुकर जाना; इनकार करना 2. (घोड़े का) धीमी चाल से चलना।
6. 1. भीषण ताप; अत्यधिक गरमी 2. अधिक क्षेत्र में आग लगाना और उससे वस्तुओं को जलाना।

## पिछली वर्ग पहले का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बु | क | चा | ■ | ■ | 2 म |
| सी | ■ | ■ | 3 ए | ■ | हि |
| ■ | 4 दा | ■ | 5 क | 6 रा | ला |
| 7 अ | व | ले | प | न | ■ |
| 8 म | ना | ■ | दी | ■ | 9 पा |
| री | ■ | ■ | ■ | 10 रे | ट |
| 11 का | पा | लि | क | ■ | न |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | | 10 | | 2 | | 10 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 5 | | 5 | | 15 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 4 | | 10 | | 2 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 25 | | 10 | | 12 | = | 62 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 30 | | 29 | | 7 | | 62 | = | 58 / 4 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो।

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ठु | मे | रि | सो | म | ना | थ | च | ट | जी |
| णे | खु | कु | प | ड़ं | जी | ने | शि | या | ह | नी |
| श | पी | ज्ञा | म | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| मा | ग | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | न | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | बि | मो | ग | प | बा | शी | ह | गी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | आ | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | वा | तें | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| बां | स | म | प | ब | लि | रा | म | भ | ग | त |

शब्दजाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं.

----------------

गणेश मावलनकर, हुकुम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रवि राज, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 5 | 6 | | | 3 |
| 2 | 26 | 4 | 40 | | 38 | |
| 4 | 2 | | | 5 | 1 | |
| 5 | 34 | 3 | 37 | 6 | 30 | 1 |
| | 1 | 7 | | | 5 | 2 |
| | 33 | | 24 | 1 | 27 | 6 |
| 7 | 6 | | 4 | 2 | 3 | |

# लड़कियां हिजाब पहनें-अखंड बंगाल बने, कैसी थी उस्मान की पॉलिटिक्स


# बांग्लादेश की सरकार के लिए आंख का कांटा बन गए, मर्डर से किसे फायदा

ह्यबांग्लादेश में तख्तापलट से पहले लगातार 2-3 साल से खुलकर भारत के विरोध की राजनीति जोर पकड़ रही थी। इसी से उस्मान हादी मशहूर हुए। वे मुगल काल के अखंड बांग्ला की बात करते थे। कहते थे कि हम फिर से वैसा देश बनाएंगे, तो खुशहाली आएगी। हादी की परवरिश मदरसे में हुई थी। ऐसी ट्रेनिंग में भारत के बारे में अच्छे विचार रखने की वजह नहीं बचती। बांग्लादेश के पत्रकार अमानुर रहमान स्टूडेंट लीडर उस्मान हादी की पॉलिटिक्स समझाते हुए ये बात कहते हैं। इंकिलाब मंच के लीडर 32 साल के शरीफ उस्मान बिन हादी की हत्या के बाद बांग्लादेश में हिंसा भड़क गई थी। हादी समर्थक हत्या के पीछे भारत का हाथ बता रहे हैं। इसकी वजह है कि वे भारत के खिलाफ बोलते थे। हालांकि,



अमानुर इसका दूसरा पक्ष भी बताते हैं। वे कहते हैं, हादी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, स्टूडेंट्स की पार्टी NCP के अलावा हर नेता-मंत्री के बारे में बोलते थे। यही वजह है कि हादी की पॉलिटिक्स कभी उन्हें पसंद नहीं आई। बांग्लादेश के मौजूदा हालात, उस्मान हादी की पॉलिटिक्स पर उनके दोस्तों और जर्नलिस्ट से बात की। उनसे पूछा कि हादी बांग्लादेश की राजनीति के इतने बड़े चेहरे कैसे बने।

## हादी की हत्या के बाद भड़की हिंसा



**शरीफ उस्मान हादी** की मौत के बाद सैकड़ों छात्र और लोग **ढाका यूनिवर्सिटी** के पास शाहबाग चौराहे पर जमा हो गए

**विरोध में शामिल संगठन**

जातीय छात्र शक्ति | नेशनल सिटिजन पार्टी

**नेशनल सिटिजन पार्टी** 2024 के हिंसक प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन का हिस्सा है



प्रदर्शनकारियों ने भारत-विरोधी नारे लगाए और आरोप लगाया कि हादी के हमलावर **हत्या के बाद भारत भाग गए हैं**

उन्होंने अंतरिम सरकार से मांग की है कि हमलावरों को लौटाया नहीं जाता, तब तक भारत के उच्चायोग को बंद किया जाए



गृह सलाहकार ने हादी के हमलावरों का सुराग देने वाले को **50 लाख टका यानी 37 लाख रुपए इनाम** देने का ऐलान किया है



**मोहम्मद महीन सरकार उस्मान हादी के जूनियर थे और उन्हें बड़ा भाई मानते हैं**

## शरीफ उस्मान हादी



इंकिलाब मंच के स्पोक्सपर्सन, जुलाई में हुए विद्रोह के लीडर

**उम्र :** 32 साल

**निधन :** 18 दिसंबर, 2025

**शरीफ उस्मान हादी शेख** हसीना सरकार गिरने के बाद बाद बने **इंकिलाब मंच के प्रवक्ता थे**

**हादी फरवरी,2026** में होने वाले चुनाव में उतरने का ऐलान कर चुके थे

**12 दिसंबर, 2025** को ढाका के पल्टन इलाके में प्रचार के दौरान **शरीफ उस्मान हादी** को गोली मार दी गई थी

**15 दिसंबर** को मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने हादी को इलाज के लिए सिंगापुर भेजा था



# मदरसे से पढ़ाई, यूनिवर्सिटी में दिखा कट्टरता की ओर झुकाव

1994 में झालोकाठी जिले के मुस्लिम परिवार में जन्मे उस्मान हादी की शुरूआती पढ़ाई मदरसे से हुई। ढाका यूनिवर्सिटी से उन्होंने पॉलिटिकल साइंस की पढ़ाई की। आगे चलकर वे यूनिवर्सिटी में पढ़ाने लगे। कट्टर इस्लामिक राजनीति की वजह से वे छात्रों में मशहूर हो गए।

उनके दोस्त बताते हैं कि यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान ही उस्मान हादी का कट्टर इस्लाम के प्रति झुकाव दिखने लगा था। यूनिवर्सिटी में लड़के पैंट-शर्ट पहनकर आते थे। लड़कियां साड़ियां और सलवार कमीज या ट्रेंडिंग फैशन वाले वेस्टर्न कपड़े पहनकर आती थीं। वहीं, हादी मदरसा के छात्र की तरह टोपी और पायजामा पहनकर आता था।

मोहम्मद महीन सरकार उस्मान हादी के जूनियर थे और उन्हें बड़ा भाई मानते हैं। वे कहते हैं, हादी भाई और मैं एक ही डिपार्टमेंट में थे। वे लड़कियों के हिजाब पहनने की रवायत की वकालत करते थे। बांग्लादेश की सेक्युलर पॉलिटिक्स के बीच खुद को इस्लामिक अधिकारों की लड़ाई करने वाले की तरह पेश करते थे। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के वक्त शुरू हुए छात्र आंदोलन में उस्मान हादी बड़ा चेहरा थे। यूनिवर्सिटी में जाना-पहचाना नाम, सेक्युलर पॉलिटिक्स और शेख हसीना के कट्टर विरोधी होने की वजह से उन्हें शोहरत दिला दी।

**हादी की भाषा खराब थी, लेकिन इसी ने पहचान बनाई**

बांग्लादेश में फरवरी 2026 में चुनाव हैं। हादी ढाका-8 सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले थे। दिल्ली में जितनी अहम नई दिल्ली सीट है, उतनी ही बांग्लादेश में ढाका-8 सीट अहम है। इसी सीट में संसद भवन और ढाका यूनिवर्सिटी आती है। इसी ढाका यूनिवर्सिटी में हादी को इतनी पहचान मिली कि वे संसद तक जाने की तैयारी करने लगे।

बांग्लादेशी पत्रकार अमानुर रहमान बताते हैं, हादी जो सोचते थे, वे खुलकर बोल पाते थे। हादी के आलोचक कहते थे कि उनकी भाषा खराब थी, लेकिन यही भाषा उन्हें मशहूर भी बनाती थी। बांग्लादेश की आजादी के बाद जमात-ए-इस्लामी के अलावा किसी पार्टी ने धार्मिक पहचान की राजनीति नहीं की। 2013 में शाहबाग आंदोलन के दौरान हादी इस्लामिक टोपी जरूर पहनते थे। यूनिवर्सिटी में टीचर और स्टूडेंट उन्हें हिफाजत कहकर बुलाते थे। ये शब्द इस्लामिक कट्टरपंथी समूह हिफाजत-ए-इस्लाम के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अमानुर रहमान बताते हैं, बांग्लादेश की आजादी के वक्त जमात-ए-इस्लामी और उस जैसे कट्टरपंथी संगठनों को वॉर क्रिमिनल की तरह देखा गया। ऐसा माना जाता था कि टोपी पहनने, दाढ़ी रखने वाले बांग्लादेश विरोधी हैं। उस्मान हादी दाढ़ी-टोपी के साथ ढाका यूनिवर्सिटी पहुंचा, तो उसका विरोध होता था। इसी आलोचना से उस्मान हादी ने अपनी जगह बनाई। ढाका यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान ही भारत विरोध की राजनीति शुरू कर दी थी। वे अपने भाषणों में कहते थे कि भारत जुल्म कर रहा है और बांग्लादेश पर कब्जा करना चाहता है। शेख हसीना बांग्लादेश को बेच रही हैं। ये सब 2-3 साल से चल रहा था। भारत विरोध की राजनीति हादी को मजबूत बना रही थी, इसलिए उन्होंने इसे बढ़ावा देना शुरू कर दिया।

## सेक्युलर पॉलिटिक्स

उस्मान हादी के दोस्त मोहम्मद महीन सरकार कहते हैं, ह्यहसीना सरकार के खिलाफ जून से ही ढाका यूनिवर्सिटी में छात्र एकजुट होने लगे थे। उस्मान हादी ने दूसरे छात्र नेताओं जैसे जिया उल-हसन, अफरोजा तूली के साथ मिलकर इंकलाब कल्चरल सेंटर और इंकिलाब मंच नाम से संगठन बनाया। इस संगठन के जरिए हादी ने एंटी सेक्युलर राजनीति शुरू की। 'वे शेख हसीना की 16 साल की सरकार को सांस्कृतिक फासीवाद बताते थे। कहते थे कि भारत हसीना सरकार के जरिए सांस्कृतिक फासीवाद ला रही है। हादी अपनी तकरीरों में कहते थे कि बांग्लादेश का असली नारा जय बांग्ला नहीं, ह्यनारा-ए-तकबीर है। उनकी राजनीति राइट विंग की तरफ झुकी हुई थी। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद छात्रों के बीच अपनी राजनीति के लिए रस्साकशी शुरू हो गई। एक धड़ा जिसमें महफूज आलम, नाहिद इस्लाम, सजीब भूयान हैं, उसने डॉ. यूनुस के साथ सरकार में शामिल होना चुना। दूसरा धड़ा, जिसने छात्रों की बनाई पार्टी ठउढ के संगठन पर काम करना चाहा।

■ वर्ष-12 अंक-50 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 22 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

**दन्तकाष्ठस्य खेटस्य विसर्जनमपावृतम्।**
**नेष्टं जले स्थले भोग्ये मूत्रादेश्चापि गर्हितम्॥**

**भावार्थ** : दातौन एवं कफ थूकने के पश्चात् उसे ढक देना चाहिए। इतना ही नहीं पानी, सार्वजनिक भूमि एवं आवासीय स्थल पर मूत्र आदि का त्याग निंदनीय कर्म है, अतः ऐसा नहीं करना चाहिए।

**मुखपूरं न भुञ्जीत सशब्दं प्रसृताननम्।**
**प्रलम्बपादं नासीत न बाहू मर्दयेत् समम्॥**

**भावार्थ** : मुंह में ठूंसकर, चप-चप जैसी आवाज के साथ एवं मुख पूरा फैलाकर भोजन नहीं करना चाहिए। पैर फैलाकर बैठने से भी बचे और दोनों बांहों को साथ-साथ न मरोड़े।

## मानवीयदृष्टिकोणं स्वीकुर्वन्तु इति निर्वाचनआयोगाय निर्देशः दत्तः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

तिलकमार्गे स्थितेन देशस्य सर्वोच्चन्यायालयेन लोकतन्त्रस्य आधारस्य विषये निर्देशः जारीकृतः यत् मतदातासूची, यया कोटिकोटिमतदातॄणां राजनैतिकदलानां च हृदयस्पन्दनं त्वरितम् अभवत्। गुरुवासरे, डिसेम्बर १८, २०२५ दिनाङ्के सर्वोच्चन्यायालयेन भारतीयनिर्वाचनआयोगाय विशेषसघनपुनरीक्षणस्य २०२६ इत्यस्य अन्तर्गतं गणनाप्रपत्रप्रदानस्य समयसीमायाः विस्तारं कर्तुं सहानुभूतिपूर्वकं विचारयितुं स्पष्टतया निर्देशः दत्तः। अस्य न्यायालयस्य रुखः कोटिकोटिजनानाम् आशायाः किरणरूपेण उद्भूतः अस्ति ये प्रशासनिकजटिलतायाः कारणात् अथवा... भूस्तरीयकठिनताः, पूर्वं मतदातासूचौ स्वनाम नामाङ्कनं कर्तुं वा सम्यक कर्तुं वा असमर्थाः आसन्। अस्य विषयस्य गम्भीरता अस्य तथ्यस्य आधारेण ज्ञातुं शक्यते यत् न्यायालयः।

## सम्पादकीयम्

### केरलदेशे अग्रिमः

केरलदेशे अग्रिमः सर्वकारः कः निर्मास्यति? श्वः संकेतः दीयते। केरलनगरे स्थानीयनिकायनिर्वाचनं २०२६ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचनस्य सेमीफाइनल् इति विचार्यते। एते निर्वाचनाः यूडीएफ, एलडीएफ, भाजपा च इत्येतयोः कृते स्वस्य सामर्थ्यं प्रदर्शयितुं अवसरः अस्ति। पूर्वनिर्वाचनपरिणामाः सूचयन्ति यत् स्थानीयसंस्थानिर्वाचनं विधानसभानिर्वाचनस्य संकेतं ददाति। एते परिणामाः काङ्ग्रेसपक्षे विश्वासं पुनः स्थापयिष्यन्ति वा गुटवादं वर्धयिष्यन्ति वा? हेमन्तराजौरा- केरलदेशे स्थानीयनिकायनिर्वाचनं केवलं पंचायतानां नगरपालिकानां च प्रशासनिकप्रदर्शनस्य आकलनं न भवति, अपितु २०२६ तमस्य वर्षस्य विधानसभानिर्वाचनात् पूर्वं सेमीफाइनल् इति अपि विचार्यते। विगतत्रिदशकेषु प्रतिमानाः दर्शयन्ति यत् राज्ये मतदातारः प्रायः स्थानीयनिकायनिर्वाचनद्वारा विधानसभानिर्वाचनस्य संकेतं ददति। यूडीएफ-सङ्गठनस्य कृते एकः परीक्षा काङ्ग्रेस-नेतृत्वेन संयुक्त-लोकतान्त्रिक-मोर्चा एतान् निर्वाचनान् एकं मोक्षबिन्दुरूपेण पश्यति। उत्तमं प्रदर्शनं कृत्वा काङ्ग्रेसपक्षे विश्वासः पुनः स्थापितः भविष्यति, २०२६ तमस्य वर्षस्य विधानसभानिर्वाचनस्य सज्जता च सुदृढा भविष्यति। केरलदेशे उत्तमं परिणामं अन्येषु राज्येषु नित्यं आव्हानानां सामनां कुर्वन्तं काङ्ग्रेसपक्षाय अपि राष्ट्रियस्तरस्य राहतं दातुं शक्नोति। यदि यूडीएफ दुर्बलं भवति तर्हि दलस्य अन्तः विद्यमानः गुटवादः तीव्रः भवितुम् अर्हति।

#### आकाशात् जीवनरक्षकौषधानि वितरति

## ड्रोन्-प्रौद्योगिकी राजस्थानस्य स्वास्थ्यसेवाक्षेत्रे क्रान्तिं करिष्यति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

राजस्थानस्य गुलाबीनगरात् जयपुरतः उद्भूताः समाचाराः न केवलं चिकित्साजगति हलचलं जनयन्ति अपितु सामान्यजनानाम् आधुनिकप्रौद्योगिक्याः विषये नवीनजिज्ञासां जनयन्ति। महात्मा गान्धी चिकित्साविज्ञानप्रौद्योगिकीविश्वविद्यालयः स्वास्थ्यसेवामूलसंरचनानां परिवर्तनार्थं साहसिकं नवीनं च कदमम् अङ्गीकृतवान्। विश्वविद्यालयप्रशासनेन आधिकारिकतया घोषितं यत् सः स्वस्य चिकित्सासुरक्षासेवाः ड्रोन् प्रौद्योगिक्या सह एकीकृत्य स्थापयिष्यति। एषा वार्ता महत्त्वपूर्णा अस्ति यतोहि राजस्थानस्य विशाले भौगोलिकक्षेत्रे यत्र दूरस्थक्षेत्रेषु समये प्रवेशः प्रमुखा आव्हानं जातम्, अधुना आकाशद्वारा जीवनरक्षणार्थं नूतना आशा उत्पन्ना अस्ति। लघु उड्डयनयन्त्रं अङ्गपरिवहनं, आपदानिवारणं च इत्यादीनि जटिलकार्यं कथं करिष्यति इति ज्ञातुं जनाः उत्सुकाः सन्ति।

एतां महत्त्वाकांक्षी परियोजनां साकारं कर्तुं विश्वविद्यालयेन राजस्थानस्य प्रमुखेन ड्रोन् निमार्तृणां मैजिक मायना इत्यनेन सह रणनीतिकसमझौता कृता अस्ति। अस्याः साझेदारीयाः मुख्यविषयः केवलं ड्रोन्-प्रौद्योगिक्याः अनुसन्धानविकासाय समर्पितस्य उत्कृष्टताकेन्द्रस्य स्थापना अस्ति यदा वयं चिकित्सासेवासु ड्रोन्-इत्यस्य विषये वदामः तदा केवलं औषध-वितरणस्य विषयः नास्ति अस्याः उपक्रमस्य अन्तर्गतं महत्त्वपूर्णं कार्यं शव-अङ्गानाम् परिवहनं भविष्यति। प्रायः दृश्यते यत् अङ्गप्रत्यारोपणप्रकरणेषु सुवर्णघण्टा इति प्रारम्भिकसमयः यस्मिन् अङ्गं एकस्मात् शरीरात् निष्कास्य अन्यस्मिन् शरीरे स्थानान्तरितम् अस्ति, सः महत्त्वपूर्णः भवति मागेर्षु यातायातस्य जामः, अधिकयानयानस्य च प्रायः बहुमूल्यः समयः अपव्ययः भवति। परन्तु अधुना ड्रोन्-यानानि एकस्मात् स्थानात् अन्यस्मिन् स्थाने अङ्गानाम् परिवहनं निमेषेषु एव विना बाधकं कर्तुं समर्थाः भविष्यन्ति। सुरक्षा-निगरानी-सम्बद्धाः अपि जनसमूहस्य बहवः प्रश्नाः सन्ति, येषां उत्तराणि अस्मिन् प्रौद्योगिक्यां निहिताः सन्ति। एतेषां ड्रोन्-यानानां उपयोगः विश्वविद्यालयपरिसरस्य सुरक्षायाः, आपदाप्रबन्धनस्य च कृते अपि भविष्यति। अस्य विषये विस्तारं दत्त्वा मैजिक मायना-निदेशकः सुनीलसोमननायरः राज्यप्रतिनिधिः घनश्यामः च व्याख्यातवन्तौ यत् यद्यपि सफला ड्रोन्-प्रौद्योगिक्याः उपयोगः मुख्यतया रक्षासेवासु सीमानिगरानीयेषु च कृतः अस्ति तथापि चिकित्साक्षेत्रे अस्मिन् स्केलेन तस्य उपयोगः राजस्थानस्य कृते अद्वितीयं प्रथमं च उदाहरणं भविष्यति।

#### ब्राण्डस्य विश्वसनीयता

## केवलं प्रदर्शनेषु एव सीमितं नास्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

यद्यपि बहिः अत्याधुनिकयन्त्राणां उपयोगेन निर्मिताः दृश्यन्ते तथापि अन्तः जटिलं सुकुमारं च कार्यं शिल्पिनां हस्तेन एव क्रियते ब्राण्डस्य विश्वसनीयता केवलं प्रदर्शनेषु एव सीमितं नास्ति; क्षेत्रे यथार्थतया परीक्षितम् अस्ति। रिचर्ड मिल् कतिपयेषु घड़ीब्राण्ड्षु अन्यतमः अस्ति यस्य ब्राण्ड् एम्बेस्डराः मेलनकाले अपि तस्याः घडिकाः धारयन्ति। टेनिस्-तारकः राफेल नडाल् इत्यस्य 'आरएम ०२७' इत्यस्य उपयोगः अस्य प्रमुखं उदाहरणम् अस्ति। केवलं २० ग्रामभारयुक्ता एषा घड़ी उच्चवेगं तीव्रं आघातं च सहितुं समर्था अस्ति। तथैव फामूर्ला-१ चालकाः अन्तर्राष्ट्रीयक्रीडकाः च दौड-क्रीडासु, पटले च एतत धारयन्ति। एतेन न केवलं कम्पनीयाः ब्राण्ड् मूल्यं प्राप्यते अपितु एताः घडिकाः केवलं प्रदर्शनार्थं न सन्ति इति अपि सिद्धं भवति। भारते रिचर्ड मिल्-घटिकायाः स्वामित्वं अतीव सीमितस्य अनन्यस्य च वृत्तस्य लक्षणं जातम्। क्रिकेट्-क्रीडकः हार्दिकपाण्ड्या इत्यस्याः ब्राण्ड्-संस्थायाः अनेकाः घडिकाः सन्ति, केचन ५ कोटि-रूप्यकाणां उपरि मूल्यं भवन्ति इति कथ्यते। शाहरुखखानः 'आरएम ०५२' इत्यादीनां दुर्लभानां मॉडलानां धारणं कृत्वा दृष्टः अस्ति, दक्षिणस्य सुपरस्टार रामचरणस्य अम्बानीपरिवारस्य च ड्रैगन-विषयकं विशेषसंस्करणं च अस्ति नियमितप्रदर्शनगृहेषु एताः घडिकाः सुलभतया न प्राप्यन्ते। केषाञ्चन मॉडलानां वषार्णां प्रतीक्षाकालः भवति, केचन केवलं चयनितग्राहकानाम् कृते एव निर्मिताः भवन्ति। रिचर्ड मिले इत्यस्य विशिष्टा रणनीतिः अस्य सीमितं उत्पादनम् अस्ति। मोर्गन स्टैन्ले इत्यस्य प्रतिवेदनानुसारं वर्षे केवलं ६,००० घडिकानां उत्पादनं भवति, तथापि एतदपि, कारोबारस्य दृष्ट्या विश्वस्य षष्ठः बृहत्तमः घडिकब्राण्ड् अभवत्।

## राशिफल

**मेष** : कामकाज में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें अच्छे से निभा पाएंगे। प्रेम जीवन में छोटी बातों पर बहस से बचें।

**वृषभ** : आज रिश्तों में समझदारी जरूरी रहेगी। पार्टनर की भावनाओं को समझने की कोशिश करें।

**मिथुन** : आज का दिन बातचीत और संपर्कों के लिए अच्छा है। प्रेम जीवन में खुशी रहेगी और नए रिश्ते बन सकते हैं।

**कर्क** : आज भावनाओं पर नियंत्रण रखना जरूरी है। प्रेम जीवन में शांति बनाए रखें और बेवजह की बातों से दूर रहें।

**सिंह** : आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। प्रेम जीवन में मधुरता आएगी। करियर में आपकी मेहनत नजर आएगी और तारीफ मिल सकती है।

**कन्या** : आज नए लोगों से मुलाकात फायदेमंद रहेगी। प्रेम जीवन में दोस्ती मजबूत होगी। करियर में नए अवसर मिल सकते हैं।

**तुला** : आज कामकाज में व्यस्तता रहेगी। प्रेम जीवन में बातचीत से गलतफहमियां दूर होंगी।

**वृश्चिक** : आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। प्रेम जीवन में समझ बढ़ेगी। करियर में मेहनत का फल मिलेगा।

**धनु** : आज संतुलन बनाकर चलने का दिन है। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। करियर में नए मौके मिल सकते हैं।

**मकर** : आज भाग्य आपका साथ देगा। प्रेम जीवन में नए अवसर मिल सकते हैं। करियर में तरक्की के संकेत हैं।

**कुंभ** : आज काम को प्राथमिकता देनी होगी। रिश्तों में थोड़ी दूरी महसूस हो सकती है, लेकिन बातचीत से हल निकलेगा।

**मीन** : दिन की शुरूआत थोड़ी व्यस्त हो सकती है, लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा, स्थितियां आपके पक्ष में आती जाएंगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# साल के आखिरी गोचर से इन 3 राशि वालों की बदल सकती हैं तकदीर, जीवन में दिखेंगे ये बड़े परिवर्तन

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बुध का धनु राशि में गोचर कुछ राशि वालों को शिक्षा, करियर और व्यापार से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम प्रदान करेगा।

जल्द ही बुद्धि, वाणी और व्यापार के कारक ग्रह बुध गोचर करने जा रहे हैं। राजकुमार बुध 29 दिसंबर 2025 को सुबह 7 बजकर 27 मिनट पर गुरु की राशि धनु में प्रवेश करेंगे। खास बात यह है कि, यह साल 2025 का अंतिम बुध गोचर होगा, जिसका प्रभाव सभी राशियों पर पड़ेगा, लेकिन कुछ राशियों के लिए यह परिवर्तन विशेष रूप से शुभ साबित हो सकता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बुध का धनु राशि में गोचर कुछ राशि वालों को शिक्षा, करियर और व्यापार से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम प्रदान करेगा। इसके अलावा बेहतर संवाद के भी योग का निर्माण होगा। ऐसे में आइए जानते हैं, बुध के इस गोचर से किन लकी राशियों को विशेष लाभ मिल सकता है।



**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए समय लाभकारी रहने वाला है। इस राशि के व्यापारियों के लिए भी यह समय उन्नति भरा रहेगा। जो काम लंबे समय से अटका हुआ था, वह अब पूरी होगा। खासतौर पर धन लाभ, विदेश यात्रा, पार्टनशीप या नए अधिकारियों से आपकी बात बनने के योग हैं। हालांकि, बिजनेस कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर भी मिल सकता है। निवेश या कोई जमीन खरीदारी के सिलसिले में की गई यात्राएं सुखद एवं लाभप्रद साबित होंगी। विद्यार्थी वर्ग पूरे मनोयोग के अपनी पढ़ाई करेंगे, जिस कारण अच्छे रिजल्ट उन लोगों को मिल सकते हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए समय बदलावों से भरा रहेगा। बुध के प्रभाव से आपकी बोलने की कला, लोगों से बेहतर संवाद और नए व्यापार की आप शुरूआत कर सकते हैं। खासतौर प्रेम संबंध में सुधार आएगा। यही नहीं जीवनसाथी के साथ आपसी समझ और सहयोग के कारण वैवाहिक जीवन में सकारात्मकता नजर आपको आने वाली है। हालांकि, इस राशि के जिन लोगों ने किसी बड़े लक्ष्य के लिए मेहनत की थी, अब उन्हें उसका फल मिल सकता है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा और सम्मान में वृद्धि होगी। यह समय बैंक बैलेंस में वृद्धि करेगा और सामाजिक स्तर पर आपके संबंध मजबूत होंगे।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों को प्रमोशन मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों का उच्च अधिकारियों के साथ अच्छा तालमेल देखने को मिलेगा। आपको जीवन में किसी खास की दस्तक हो सकती हैं। कला के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। निवेश के लिए नई योजनाओं का हिस्सा बनेंगे। यदि आप कोई नया व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, तो यह समय आपके लिए शुभ रहेगा। जीवन में संतुलन बना रहेगा। मार्केट में अटका धन आपको मिलेगा। नौकरी हो या व्यापार, दोनों में प्रगति होगी। लाभ प्राप्ति के बड़े अवसर मिल सकते हैं।

## खबर एक नजर...

### नव मानस नशा मुक्ति केन्द्र संचालक की तलाश में दबिश

**उज्जैन।** मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर नव मानस नशा मुक्ति केन्द्र संचालित करने वाले उमेश वैष्णव के खिलाफ 12-13 दिसंबर की रात नशा मुक्ति केंद्र में हुई हरिश निर्मल की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद 17 दिसंबर को जीवाजीगंज थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था। जिसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। रविवार रात भी उसके कुछ ठिकानों का पता चलने पर पुलिस की एक टीम दबिश के लिये रवाना हुई थी। संभावना है कि सोमवार तक आरोपी की गिरफ्तारी हो सकती है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक सहित 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। 18 दिसबंर को केन्द्र में काम करने वाले पांच आरोपितों कपिल वर्मा, कमलेश राव, महेन्द्र चौधरी, शुभम चौहान और सोनू उर्फ चंद्रशेखर को गिरफ्तार कर लिया गया था। जिन्हे दूसरे दिन जेल भेजा गया था। संचालक फरार हो गया था, जिसकी तलाश लगातार जारी थी।

### महाकाल दर्शन कर लौट रहे युवक अचानक हुई मौत

**उज्जैन।** छत्तीसगढ़ के विक्रमपुर कुंजनगर जिला सूरजपुर से संजू पिता रामनंद राजवाड़े 45 साल 5 दोस्तों के साथ महाकाल दर्शन करने आया था। रविवार को दिन में दर्शन कर महाकाल लोक घूमा। शाम को वापस लौटने के लिये रेलवे स्टेशन पहुंचा था। ट्रेन आने पर दोस्त आगे निकल गये और ट्रेन में चढ़ने लगे। संजू पीछे रह गया था। दोस्त राजेश पिता तेसराम ने उसे कॉल किया तो अन्य व्यक्ति ने रिसिव किया और बताया कि चलते-चलते गिर गया है। सभी दोस्त ट्रेन से उतरे से प्लेटफार्म पर पहुंचे। संजू को चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि की। दोस्त राजेश ने बताया कि कुछ देर पहले तक सभी हंसी-मजाक कर रहे थे, ट्रेन का समय होने पर स्टेशन पहुंचे थे, संजू के घर वालों को अब क्या जवाब देगें।

### मकान की छत से पतंग उड़ा रहा बालक गिरा

**उज्जैन।** पतंगबाजी का दौर शुरू होने के बाद हादसों की खबरे सामने आने लगी है। रविवार शाम बेगमपुरा में छत से पतंग उड़ा रहा 12 साल का बालक शाहवाज पिता मोहम्मद सईद गिरकर गंभीर घायल हो गया। भाई अकबर उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। पतंगबाजी का शौक अब काफी भारी पड़ रहा है। कुछ दिन पहले एक बालक हाईटेंशन लाइन में लटक रही डोर खींचते समय लाइन में फाल्ट होने पर बुरी तरह झुलस गया था। यहीं नहीं रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 8 पर एक बालक रेलवे लाइन की चपेट में आ चुका है। पतंगबाजी के दौरान छतों से गिरने और हाईटेंशन लाइन से हादसे होने के साथ चाइन डोर घातक रूप लेती दिखाई दे रही है। प्रतिबंध के बाद भी दिसंबर माह में 3 से 4 घटना सामने आ चुकी है। जिसमें विक्रम यूनिवर्सिटी में अध्ययन करने वाले छात्र योगेश आंजना निवासी पिपलिया धूमा झारडा का गला बुरी तरह कट चुका है।

### कोठी रोड टर्निंग पर 2 बाइक के बीच भिड़ंत

**उज्जैन।** कोठी रोड टर्निंग पाइंट पोलोटेक्निक कॉलेज के सामने शनिवार-रविवार रात 2 बाइक में भिड़त हो गई। एक बाइक पर रमेशचंद पिता गोवर्धनलाल सेन निवासी अमरसिंह मार्ग फ्रीगंज और नरेश पिता आनंदराव परते निवासी त्रिवेणी विहार सवार थे। दूसरी बाइक पर सूरज पिता बारेलाल बरकड़े 32 साल निवासी सिंदराई जिला छिंदवाड़ा हाल मुकाम निमार्णाधीन जज कालोनी कोठीरोड सवार था। भिड़त में एक ओर से सूरज और दूसरी ओर से नरेश परते घायल हुए। दोनों ने माधवनगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

3 7 9

### युवक बेग में छुपाकर बेचने निकाला था प्रतिबंधित खूनी डोर

# पुलिस ने वाकणकर ब्रिज के पास से पकड़ा

## 25 रील बरामद होने पर पूछताछ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रतिबंध के बाद भी चाइना डोर की खरीद-फरोख्त होना सामने आ रहा है। पुलिस लगातार बेचने और खरीदने वालों की धरपकड़ में लगी है। रविवार को युवक बेग में छुपाकर खूनी डोर बेचने निकला था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया है। एक सप्ताह में पुलिस की तीसरी कार्रवाई सामने आई है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि वाकणकर ब्रिज के पास एक युवक द्वारा चाइना डोर बेचने की खबर मिलने पर प्रधान आरक्षक पियुष मिश्रा, कपिल राठौर, विरेन्द्र शर्मा, आरक्षक पुष्पराज और विजेन्द्रसिंह को रवाना किया गया। घेराबंदी के दौरान एक युवक बेग के साथ दिखाई दिया। जिसे पकड़ा गया और बेग की तलाशी ली गई तो उसके पास से प्रतिबंधित चाइना डोर की 25 रील बरामद हो गई। थाने लाकर पूछताछ करने पर युवक लक्की पिता किशोर परमार 21 साल निवासी राजीव रत्न कालोनी का रहने वाला सामने आया। मामले में जिलाधीश के आदेश का उल्लघंन करने की धारा में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। नीलगंगा थाना पुलिस ने विगत रविवार को भी पांच युवको शिवांश एलिगेंस कालोनी मार्ग से पकड़ा था, उनके पास से 48 रील प्रतिबंधित खूनी चाइना डोर बरामद की गई थी। वहीं शनिवार को चिमनगंज थाना पुलिस ने 3 युवको को कृषि उपज मंडी से गिरफ्तार कर 32 रील चाइना डोर की जप्त की थी। माना जा रहा है कि प्रतिबंध के बाद भी शहर में आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में खूनी डोर पहुंच चुकी है। जिसका पता लगाने के प्रयास पुलिस लगातार कर रही है। एक सप्ताह में एक नाबालिग सहित 9 युवको को गिरफ्तार कर 105 रील खूनी डोर बरामद की जा चुकी है।



### मोबाइल पर कॉल कर मंगवाई थी रील

बताया जा रहा है कि 25 रील के साथ हिरासत में आये लक्की परमार से पूछताछ में पता चला है कि उसने कुछ मोबाइल नम्बरों पर संपर्क किया गया था, जिसके आधार पर उसके पास तक प्रतिबंधित चाइन डोर पहुंची है। पुलिस उक्त नम्बरों का भी पता लगा रही है, संभावना है कि प्रतिबंधित डोर की कई कड़िया जुड़ सकती है। सप्ताह भर पहले नीलगंगा थाना पुलिस ने 48 रील के साथ पकड़े गये युवकों से पूछताछ की थी, उस दौरान पता चला था कि नागझिरी क्षेत्र के रहने वाले कुलदीप से लेकर आये थे, जिसकी तलाश अब भी जारी है।

### इधर-उधर घूमकर बेची जा रही डोर

चाइना डोर के घातक परिणामों को देख मकर संक्राति से पहले दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में कलेक्टर ने प्रतिबंध के आदेश जारी कर दिये थे। जिसके बाद से पुलिस लगातार पतंग दुकानों पर सर्चिंग कर रही है। दुकानों पर प्रतिबंधित डोर नहीं मिल रही है, लेकिन जान के दुश्मनों द्वारा इधर-उधर घूम-घूमकर घातक डोर बेचने का काम किया जा रहा है। अब तक बरामद हुई डोर के मामले में यही सामने आया है कि सभी आरोपी अलग-अलग क्षेत्र में बेचने के लिये निकले थे।

# दुष्कर्म के आरोपी ने किया फांसी लगाने का प्रयास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। जीजा की दिव्यांग बहन के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला पुलिस के पास पहुंचा तो दुष्कर्मी ने फांसी लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे फंदे से उतारा और गिरफ्तार कर लिया। जिसे रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।




चिमनगंज थाना क्षेत्र की में बनी झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाली दिव्यांग महिला के साथ शनिवार रात नशे में सोनू चौहान नामक युवक ने दुष्कर्म किया। सोनू दिव्यांग के भाई का साला है। भाई और पति के लौटने पर दिव्यांग महिला ने घटनाक्रम बताया। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे, जहां पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये झुग्गी बस्ती में दबिश दी। आरोपी नशे की हालत में था उसे पुलिस को देखा तो फांसी लगाने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने झुग्गी में घुसकर उसे तत्काल रोका और गले से फंदा निकाला। उसे थाने लाया गया और गिरफ्तारी ली गई। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि आरोपी भी झुग्गी में ही रहता है। घटना के समय दिव्यांग के 3 भाई और पति काम पर गये थे। उसी दौरान बड़े भाई के साले ने नशे में डरा-धमकाकर गलत काम किया। आरोपी को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## विश्व ध्यान दिवस पर पुलिस सामुदायिक भवन में ध्यान अभ्यास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार और पूर्व में आयोजित हार्टफुलनेस ध्यान सत्र की कड़ी में रविवार को पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में ऑनलाइन हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। वहीं शाम को भी वाट्सएप पर युट्यूब लिंक के माध्यम से पुलिस अधिकारियों और जवानों ने ध्यान अभ्यास किया।



एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि विश्व ध्यान दिवस पर एक विश्व-एक हृदय थीम पर ध्यान सत्र का ऑनलाइन आयोजन किया। जिसमें उनके साथ एएसपी आलोक शर्मा सहित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी ने सामूहिक रूप से ध्यान अभ्यास किया। यह ऑनलाइन ध्यान सत्र विश्व स्तर पर आयोजित किया गया था। जिसमें विश्वभर से 10 लाख से अधिक लोगों ने एक साथ 20 मिनट तक ध्यान किया। सत्र का संचालन हार्टफुलनेस संस्था के मार्गदर्शक हम दाजी द्वारा निर्देशित हृदय आधारित ध्यान पद्धति से किया गया। इस सत्र का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को आत्मचिंतन, मानसिक शांति एवं आंतरिक संतुलन की अनुभूति कराना था। जब समस्त हृदय एक समान सकारात्मक उद्देश्य के साथ एकत्र होते हैं, तो एक गहन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पुलिस लाइन सामुदायिक भवन में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ उज्जैन जिले के समस्त थानों एवं कार्यालयों में पदस्थ पुलिस बल ने मुख्यालय से प्राप्त जूम मीटिंग लिंक के माध्यम से सामूहिक रूप से इस ध्यान सत्र में सहभागिता की। सुबह आयोजित ध्यान सत्र के बाद रात 8 बजे व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त यूट्यूब लिंक द्वारा भी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने ऑनलाइन ध्यान सत्र में भाग लिया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, तनाव प्रबंधन, कार्यक्षमता में वृद्धि तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना है। उज्जैन पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के मानसिक एवं आत्मिक कल्याण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# गिरफ्त में आये पानी की मोटर चोरी करने वाले बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नदी किनारे लगी पानी की मोटर चोरी करने वाले गिरोह में शामिल 2 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। दोनों का एक साथी फरार है। दोनों की निशानदेही पर 5 मोटर जप्त की जा चुकी है।



तराना थाना प्रभारी रामनारायणसिंह भदौरिया ने बताया कि 4 दिसंबर को ग्राम बिसनखेड़ी में रहने वाले शेरसिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके खेत में सिंचाई के लिये लगाई गई फाल्कान कंपनी की पांच हार्सपावर की पनडुब्बी मोटर कालीसिंध नदी से चोरी हो गई है। मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया था। 17 दिसंबर को खबर मिली कि बिसनखेड़ी के जंगल में भारतसिंह राजपूत के खेत के पास एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है। जो पानी की मोटर चोरी का आरोपी हो सकता है। संदेह के आधार पर उसकी गिरफ्तारी के लिये एएसआई मनोहर पटेल, आनंदसिंह झाला, रमेश सेन, आरक्षक अमरदीपसिंह, दीपक पटेल, आनंद, सैनिक राहुल और घासीराम को रवाना किया। संदिग्ध को हिरासत में लिया गया और पूछताछ के लिये थाने लाया गया। जहां उसका नाम चरणसिंह पिता गंगाराम 46 साल निवासी ग्राम डोबड़ा गुर्जर होना सामने आया। पहले उसने बरगलाने का प्रयास किया लेकिन सख्ती बरती गई तो उसने अपने साथी होकमसिंह पिता मांगीलाल 36 साल निवासी ग्राम नाहरखेड़ी के साथ मिलकर पानी की मोटर पनडुब्बी चोरी करने की वारदात कबूल कर ली। उसने 31 नवम्बर को छोटी कालीसिंध नदी से 2 मोटर चोरी करना बताया। उसे जेल भेजकर साथी होकम की तलाश की, जिसे 20 दिसबंर को गिरफ्तार किया गया। उसे भी पूछताछ में भारतसिंह के साथ मिलकर पानी की मोटर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर पांच मोटर सोनालिका और फाल्कन कंपनी की बरामद की है। थाना प्रभारी भदौरिया के अनुसार दोनों आरोपियों का तीसरा साथी फरार हो गया है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। फिलहाल गिरफ्त में आये दोनों आरोपियो को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। दोनों आरोपियों से पूछताछ में अब तक सामने आया कि वह बाइक से नदी किनारे पहुंचते थे और मोटर लगी देख चोरी कर लेते थे। विदित हो कि इन दिनों गेहूं की फसल खेतों में बोई गई है,जिसके चलते किसानों द्वारा नदी-तलाबों से पानी लेने के लिये पानी की मोटर लगाई जा रही है, जिसे बदमाशों द्वारा चोरी किया जा रहा है। तराना के साथ ही कायथा थाना क्षेत्र में भी दर्जन भर से अधिक किसानों की मोटर चोरी होना सामने आ चुका है। कायथा पुलिस भी बदमाशों की तलाश में लगी है, लेकिन तराना पुलिस की हिरासत में आये आरोपियों से कायथा में चोरी हुई पानी की मोटरों का सुराग नहीं मिल पाया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com